PARLIAMENTARY ELECTIONS IN ORISSA
A STUDY IN ELECTORAL GEOGRAPHY

उड़ीसा में संसदीय निर्वाचन : निर्वाचन भूगोल में एक अध्ययन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी० फिल् (भूगोल)
उपाधि हेतु प्रस्तुत शोध प्रबन्ध

पर्यवेक्षक
डा० मनोरमा सिनहा

शोधकर्ता
शमशाद खाँ

भूगोल विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

1989

विषयानुक्रम

पेज नं0

पेज नं0

पेज नं0

पेज नं0

पेज नं0

पेज नं0

8.4.3 जनगणना वर्ष 1971

प्रथम घटक

8.4.3.1 अति उच्च क्षेत्र

8.4.3.1 मध्यम क्षेत्र

8.4.3.3 निम्न क्षेत्र

द्वितीय घटक

8.4.3.1 अति उच्च क्षेत्र

8.4.3.2 उच्च क्षेत्र

8.4.3.3 मध्यम क्षेत्र

8.4.3.4 निम्न क्षेत्र

8.4.3.5 अतिनिम्न क्षेत्र

तृतीय घटक

8.4.3.1 अति उच्च क्षेत्र

8.4.3.2 उच्च क्षेत्र

8.4.3.3 मध्यम क्षेत्र

8.4.3.4 निम्न क्षेत्र

8.4.3.5 अतिनिम्न क्षेत्र

चतुर्थ घटक

8.4.3.1 उच्च क्षेत्र

8.4.3.2 मध्यम क्षेत्र

8.4.3.3 निम्न क्षेत्र

8.4.3.4 अतिनिम्न क्षेत्र

पेज नं०

चतुर्थ महा निर्वाचन वर्ष 1967

प्रथम घटक

द्वितीय घटक

तृतीय घटक

चतुर्थ घटक

संयुक्त

पंचम महा निर्वाचन वर्ष 1971

प्रथम घटक

द्वितीय घटक

तृतीय घटक

चतुर्थ घटक

संयुक्त

षष्टम महा निर्वाचन वर्ष 1977

प्रथम घटक

द्वितीय घटक

तृतीय घटक

चतुर्थ घटक

संयुक्त

सप्तम महा निर्वाचन वर्ष 1980

प्रथम घटक

द्वितीय घटक

तृतीय घटक

चतुर्थ घटक

संयुक्त

द्वितीय महानिर्वाचन वर्ष 1957

प्रथम घटक

द्वितीय घटक

तृतीय घटक

चतुर्थ घटक

संयुक्त

तृतीय महानिर्वाचन वर्ष 1962

प्रथम घटक

द्वितीय घटक

तृतीय घटक

चतुर्थ घटक

संयुक्त

चतुर्थ महानिर्वाचन वर्ष 1967

प्रथम घटक

द्वितीय घटक

तृतीय घटक

चतुर्थ घटक

संयुक्त

पंचम महानिर्वाचन वर्ष 1971

प्रथम घटक

द्वितीय घटक

तृतीय घटक

चतुर्थ घटक

संयुक्त

पेज नं0

तालिकाएँ

LIST OF MAPS

Page No.

Page No.

कृतज्ञता ज्ञापन

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के प्रणयन में प्राप्य शोध पर्यवेक्षक "डा० मनोरमा सिन्हा" से अमूल्य निर्देशन एवं उत्तरदायित्व पूर्ण स्नेहित व्यवहार के प्रति अतीव कृतज्ञ हूँ, और चिर ऋणी रहूँगा, साथ ही साथ स्वर्गीय डा० मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव, रीडर भूगोल विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद। से जो सहायता प्राप्त हुई, उसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ । डा० मनोरमा सिन्हा ने अपने व्यस्त क्षणों में शोधकर्ता को समायोजित किया है । इसके लिए मैं उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूँ ।

डा० आर० एन० तिवारी "एम० ए० डी० लिट०" प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, भूगोल विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का मैं हृदय से आभारी हूँ जिन्होंने शोध विषय की स्वीकृत प्रदान की है ।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रीडर, डा० सवीन्द्र सिंह, डा० आर० एन० सिंह, श्री डी० एस० लाल, डा० एच० एन० मिश्रा के प्रति मैं कृतज्ञ हूँ । विभाग के अन्य प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जिन्होंने प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के प्रणयन में सहायता प्रदान किया है ।

भारतीय निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं उड़ीसा के जनगणना निर्देशक के प्रति मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ । शोध प्रबन्ध में सम्पूर्ण आँकड़े उन्हीं के सौजन्य से प्राप्त हुए हैं । इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को अध्ययन के लिए उपयोग किया है । अतः मैं वहाँ कार्यरत लोगों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ ।

शोध प्रबन्ध की पूर्णावधि पर मैं अवध विश्वविद्यालय के "लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के भूतपूर्व प्राध्यापक अशफाक अहमद तथा सायराबानों खान का मैं सदैव ऋणी रहूँगा जिन्होंने समय-समय पर सहायता प्रदान किया है ।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोध छात्र श्री तनवीर अहमदशाह, कु० अर्चना पाल, निसार अहमद, सौकत अली, मुख्तार अली एवं अजिन रे का समय-समय पर जो सहयोग प्राप्त हुआ उनके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ ।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एम० वी० हाऊस छात्रावास के छात्र श्री रईश अहमद कुरैशी, सफीउल्लाह, कमरूलहसन खाँ, गुलाम सरवर से जो सहायता प्राप्त हुआ उसके लिए मैं हृदय से आभारी रहूँगा ।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद के कम्प्यूटर सेन्टर के कर्मचारियों के प्रति मैं आभारी हूँ जिन्होंने शोध में प्रयुक्त संगणना की सुविधायें प्रदान की है । विशेष रूप से डा० अमरीश, चन्द्र भान श्रीवास्तव, नसीम की सहायता के प्रति मैं अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ ।

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के टंकण का भार श्री शशिकान्त श्रीवास्तव एवं मानचित्र के लिए डा० विनोद तिवारी का मैं हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ । अस्तु वे सचमुच साधुवाद के पात्र हैं ।

सहयोग एवं शुभ कामनाओं दोनों के लिए ही पुनः डा० मनोरमा सिन्हा एवं स्वर्गीय डा० मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव के प्रति आभारी हूँ ।

भूगोल विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

5 नवम्बर 1989.

शमशाद खाँ
"शमशाद खाँ"
भूगोल विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद।

अध्याय 1

"विषय-प्रवेश"

राजनैतिक प्रक्रिया की सक्रियता "निर्वाचन" द्वारा संचालित होती है। अतः राजनीतिक भूगोल में निर्वाचन भूगोल का वर्चस्व स्वतः महत्वपूर्ण हो गया। आधुनिक युग में निर्वाचन व्यवस्था, प्रक्रिया, तन्त्र एवं उसके परिणामों का गहन अध्ययन निर्वाचन भूगोल के अन्तर्गत होने लगा है।

निर्वाचन राजनीति का आधार है। विश्व के अधिकांश देशों की शासन व्यवस्था निर्वाचनों पर आधारित है, यद्यपित उनकी प्रक्रिया, समय एवं व्यवस्था में अत्यधिक अन्तर होता है। यहाँ तक कि कतिपय देशों में चुनाव प्रक्रिया मात्र औपचारिकता है।तो कुछ देशों में राजतन्त्र आज भी प्रचलित है किन्तु यह कहना अतिशयोक्ति न होगा- कि आज की शासन व्यवस्था प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचनों से सम्बन्धित है। यह प्रक्रिया एक ओर देश के आन्तरिक शासन व्यवस्था का निर्धारक है, तो दूसरी ओर अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियों को नियन्त्रित करता है।

इस विषय के अध्ययन का विकास द्वितीय महायुद्ध के पश्चात् मुख्य रूप से हुआ। निर्वाचनों के अध्ययन में भूगोल वेत्ताओं की अभिरूचि का एक प्रमुख कारण सांख्यिकीय सूचनाओं की उपलब्धि है, क्योंकि जिस देश में भी निर्वाचन होता है वहाँ सरलता से आँकड़े प्राप्त किये जा सकते हैं।

प्रेसकोट (1959) के नोट ने निर्वाचन अध्ययन में एक क्रान्तिकारी मोड़ उत्पन्न किया

भारत में स्वतन्त्रता के पश्चात् प्रजातान्त्रिक शासन व्यवस्था को अपनाया गया जिसमें चुनाव के माध्यम से केन्द्र तथा राज्यों को प्रतिनिधित्व दिया जाता है। चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से संसद के निचले सदन एवं राज्यों की विधान सभाओं के लिए चुनाव होता है, अन्य शासन तन्त्र के पदों का चुनाव संविधान के अन्तर्गत किया जाता है।

राजनीतिक दल 19वीं शताब्दी की उत्पत्ति है । यह वह समय था जब प्रजातन्त्र की आधुनिक तस्वीर अस्तित्व में आयी । राजनीतिक दल एक निर्दिष्ट संगठन है जिसका लक्ष्य सरकार का गठन करना है ।

उड़ीसा भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है इसलिए भारतीय निर्वाचकों के परिपेक्ष्य में उड़ीसा का अध्ययन शोध का एक महत्त्वपूर्ण विषय है । उड़ीसा में गणतन्त्र चुनाव प्रक्रिया प्रारूप, मतदाताओं का व्यवहार, दलीय स्थिति परिवर्तन अनेक महत्त्वपूर्ण तथ्य है । यहाँ के महानिर्वाचनों का अध्ययन इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस विशाल राज्य की भौगोलिक आर्थिक सामाजिक परिस्थितियों में अन्तर अधिक मिलता है । इस विभिन्नता का मतदान के व्यवहार पर एवं परिणाम पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह अति महत्त्वपूर्ण विषय है । चुनाव परिणामों को मानचित्र के माध्यम से प्रदर्शित किया जा सकता है । ये मानचित्र चुनाव आयोग के लिए सरकार के लिए, विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए तथा जनता के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे । इसलिए भारतीय परिपेक्ष्य में अनेक निर्वाचन सम्बन्धी समस्याओं को दूर किया जा सकता है तथा भविष्य के लिए नियोजन किया जा सकता है ।

प्रस्तुत अध्याय में शोधकर्ता कार्य के विषय-वस्तु को अवगत कराया गया है । प्रस्तुत अध्याय को पाँच अनुभागों में विभक्त किया गया है । प्रथम अनुभाग 1.1 में "उड़ीसा राज्य" के भौगोलिक एवं ऐतिहासिक विशिष्टताओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है । अनुभाग 1.2 में उन विभिन्न उद्देश्यों का चित्रण है, जिनमें अध्ययन की विषयवस्तु एवं सामाग्री प्रस्फुटित हुई एवं अपने क्षेत्र एवं सीमाओं से आवद्ध होकर एक कार्य का साकार रूप ग्रहण किया । तत्पश्चात सन्दर्भित एवं वर्णित साहित्य का दिग्दर्शन अनुच्छेद 1.3 में प्रस्तुत किया गया है । अनुभाग 1.4 में अध्ययन के आधार स्वरूप चयनित परिकल्पना का मौलिक तर्क वर्णित है । अन्तिम अनुच्छेद 1.5 प्रस्तुत अध्यायों की आयोजना वर्णित है ।

1.1 अध्ययन क्षेत्र

भारत के पूर्वी तट पर पश्चिमी बंगाल और आन्ध्रप्रदेश राज्यों के मध्य उड़ीसा राज्य स्थित है । इसका विस्तार 17° 45" उत्तरी अक्षांश से 22°50" उत्तरी अक्षांश तक तथा 81° 25" पूर्वी देशान्तर से 87°25" पूर्वी देशान्तर तक है इसका क्षेत्रफल 1,55,782 वर्ग कि0मी0 है । इसके उत्तर में बिहार व पश्चिमी बंगाल दक्षिण में आन्ध्रप्रदेश, पश्चिम में मध्य प्रदेश और पूर्व में बंगाल की खाड़ी स्थित है । क्षेत्रफल की दृष्टि से यह देश का 10 वाँ बड़ा राज्य है । यह देश के 4.7.1 क्षेत्र पर विस्तृत है । उड़ीसा की कुल जनसंख्या 2,63,70,271 §1981 के अनुसार§ तथा औसत जनसंख्या घनत्व 169 व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0 है । इस प्रान्त की राजधानी भुवनेश्वर कुल 13 जिले हैं । इस प्रान्त की साक्षरता 34.23 % है एवं मुख्य भाषा उड़िया है । चित्र 1.1

प्राकृतिक दशा की दृष्टिकोण से उड़ीसा एक पठारी राज्य है जिसका ढाल पूर्व दिशा की ओर है । महानदी इसे दो भागों में विभाजित करती है । इसका उत्तरी भाग छोटा नागपुर का पठार तथा दक्षिणी भाग पूर्वी घाट की पहाड़ियों का है । प्राकृतिक संरचना की दृष्टि से इस राज्य को चार भागों में विभाजित किया जा सकता है । §1§ उत्तरी पठार §2§ पूर्वी घाट का पहाड़ी भाग §3§ मध्यवर्ती उच्च मैदान और §4§ तटवर्ती मैदान

उत्तरी पठारी भाग मयूरभंज केन्द्र पर सुन्दरगढ़ तथा ढेन कानाल जिलों में विस्तृत है । यह आग्नेय शैलों से निर्मित ऊँचा नीचा पठार है जिसे ब्रह्मणी तथा वैतरणी नदियाँ विभाजित करती हैं । इसका पश्चिमी भाग समतल पठारी भाग है ।

पूर्वी घाट की पहाड़ियों का विस्तार कोरापुट, काला हाण्डी तथा गन्जाम जिलों में विस्तृत है । ये पहाड़ियाँ कटी-पिंटी तथा बिखरी हुई फैली हैं । पहाड़ियों की उचाँई 1524 मीटर तक है ।

FIG. 1.1 LOCATION MAP

मध्यवर्ती उच्च मैदान इस राज्य के ढेनकानाल बोलंगिर तथा अन्य जिलों में विस्तृत है । यह राज्य के लगभग 28.1 भाग को घेरे हुए है । इस मैदान में छोटे-छोटे दो नदी बेसिन तथा अपरदित मैदान सम्मिलित है जिनमें महानदी बेसिन सर्व प्रमुख है । कोरापुट जनपद में इन्द्रावती नदी के बेसिन में एक समप्राय मैदान का क्षेत्र है जिसमें वैतरणी एवं ब्राह्मणी नदियों के बेसिन भी सम्मिलित है ।

तटवर्ती मैदान समुद्रतट के सहारे संकीर्ण पट्टी के रूप में विस्तृत है । इसका अधिकांश भाग नदियों के डेल्टा के रूप में है, जो अत्यन्त उपजाऊ है । इसी भाग में चिल्का झील है । यह बालू की भित्तियों व्दारा समुद्र से अलग कर दी गयी है ।

जलवायु की दृष्टि से उड़ीसा राज्य की जलवायु साधारण एवं सम है । राज्य के कुल क्षेत्रफल का लगभग 42.7 % वनों से आच्छादित है । यह कृषि प्रधान राज्य है यहाँ लगभग 80 % जनसंख्या कृषि पर निर्भर है ।

1.2 उद्देश्य एवं क्षेत्र

1.2.1 उद्देश्य:-

प्रस्तुत विषय का प्रमुख उद्देश्य उड़ीसा राज्य में (वर्ष 1952-1984तक) सम्पन्न लोकसभा मतदानों का विस्तृत एवं सम्बन्धित निर्वाचनों को प्रभावित करने वाले सामाजिक-आर्थिक कारणों के पारस्परिक सम्बन्ध का अध्ययन है ।

1.2.1.1 विषयवस्तु :-

निर्वाचन भूगोल तुलनात्मक रूप से भूगोल की न तो उपशाखा है, अत: इसका विषयवस्तु विवादास्पद है । फिर भी वर्तमान विषयों मेंवैधमतदान, कांग्रेस समर्थन, कांग्रेसतर दल, समर्थन, निर्वाचन सुधार, जनमत संग्रह एवं सांसदों में पड़नेवाले मतों के भौगोलिक प्रतिरूप सम्मिलित है । यहाँ यह ध्यातव्य है कि

समय के साथ इसके विभिन्न आयामों में विस्तार होता जा रहा है अतः इसको ठीक-ठीक किसी सामा रेखा के भीतर समेटना न केवल अनुचित है वरन अप्रासंगिक भी है ।

1.2.1.2 कथन:-

उक्त तीन असमान्यताओं के भौगोलिक वितरण क्षेत्र एवं तल-प्रतिमानों के स्तर पर रखा गया है जिसके फलस्वरूप इस अध्ययन में उक्त प्रतिमानों के लिए समुचित वर्णन विधियों ‡प्रतिशत, निरपेक्ष, एवं सापेक्ष खण्डों के साथ इसमें भिन्नात्मकों एवं स्थानीय संरचना का प्रदर्शन भी सम्मिलित है‡ का उपयोग किया गया है तथा सामान्य स्तर पर परिमाणात्मक वर्णन प्रस्तुत है ।

1.2.1.3 व्याख्या :-

उपरोक्त अध्ययन प्रतिरूप का दूसरा उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक, एवं पारिस्थितक सह-सम्बन्धों में आत्म सात है । निर्वाचन सम्बन्धी एवं सामाजिक सूचनाओं के एकत्रीकरण एवं उनके बीच सम्बन्धों के विश्लेषण के उपरान्त ही सामाजिक विचार कारक एवं निर्वाचन प्रतिरूप प्रभाव के क्षेत्रीय संलगनता की परिभाषा को परिभाषित किया गया है ।

1.2.1.4 कालिक दृष्टि :-

इस शोध की यह मान्यता रही है कि निर्वाचन व्यवहार का उचित मूल्यांकन बिना कालिक सन्दर्भ के सम्भव नहीं है । इसलिए प्रारम्भ से आज तक उड़ीसा निर्वाचनों ‡वर्ष 1952-1984 तक‡ का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है । ऐसा करने के उपरान्त ही निर्वाचन के समाजिक-आर्थिक, राजनैतिक सम्बन्धों का समयबद्ध अध्ययन सम्भव हुआ है ।

1.2.2 "अभिगम विषय क्षेत्र"

प्रस्तुत अध्ययन में सर्वप्रथम परिकल्पना का चुनाव किया गया । अभिगम

का प्रभाव परिस्थितिकीय सिद्ध होता है, जो भी परिणाम प्राप्त होते हैं वे सभी समूह व्यवहार वाले सिद्ध होते हैं । इसलिए व्यक्तिगत परिणाम लाना अव्यवहारिक होगा ।

1.3 पूर्व साहित्य :-

प्रस्तुत अध्येय विषय भूगोल की उपशाखा निर्वाचन भूगोल से सम्बन्धित है । भारत में अपेक्षाकृत इसका प्रभाव अतिनूतन है । अत: इससे सम्बन्धित साहित्य की कमी है । वर्ष 1970 के पश्चात् ही इस विषय का विश्वविद्यालयों में महत्व बढ़ा है । इसके पूर्व का इतिहास अन्धकारमय है ।

विश्व का सबसे बड़ा प्रजातन्त्र देश होने के नाते भारत में इसका अध्ययन होना अति आवश्यक है, यहाँ निर्वाचन परम्परा अतीत काल से रही है ।

राजनैतिक भूगोल के अन्तर्गत निर्वाचन भूगोल का विषय के रूप में प्रसिद्धी मध्य बीसवीं सदी में दृष्टिगोचर होती है । उस समय निर्वाचन क्षेत्र, व्यवस्था एवं निर्वाचन का स्थानिक संग0न मतदान सहित निर्वाचन व्यवहार मतदान, मतदान प्रतिरूप तथा सरकारी नीति का ही अध्ययन होता है । परन्तु आज समाशयण, प्रमुख घटक विश्लेषण आदि के साथ ही वर्तमान भूगोल में प्रयुक्त अन्य तकनीकों के साथ निर्वाचन भूगोल, राजनीतिक भूगोल में ख्यातिलब्धि स्थान रखता है ।

इस क्षेत्र में नवीन शोधों का श्री गणेश 1940 के दशक में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ । लगभग इसी समय इंग्लैण्ड तथा अन्य यूरोपीय देशों में भी इसका सूत्रपात हुआ । भूगोल में मतदान के व्यवहार पर शोध का कार्य क्रेमील के कार्य

"ब्रिटिश पार्लियामेन्टरी इलेक्शन"

1916 से प्रारम्भ हुआ। इसी प्रकार से कालान्तर में डीन ४1949४ क्रिसलर ४1952४ प्रेसकाट ४1959४ टेलर ४1979४ एवं जान्सन ४1979४ के कार्य प्रकाश में आये ।

भारत के संदर्भ में निर्वाचन का सम्यक अध्ययन नहीं हो सका है । इस प्रकार का अध्ययन 1952 के प्रथम राष्ट्रस्तरीय निर्वाचन के उपरान्त हुआ । राजनीति वैज्ञानिकों का योगदान भूगोल वेत्ताओं की तुलना में अधिक रहा । हाल ही में भूगोल वेत्ताओं का योगदान [कालिक तथा स्थानिक आयाम के साथ] निरन्तर जोर पकड़ता जा रहा है । आर० डी० दीक्षित [1980] के० जेड० अमानी [1970, 1972] सी० पी० सिंह [1981] जे० सी० शर्मा [1980] एम० सिन्हा [1972] एम० के० श्रीवास्तव [1982] विनोदकुमार [1982] एवं अशोक श्रीवास्तव [1987] के कार्यों का उल्लेख इस शाखा के विकास हेतु किया गया है ।

1.3.1 निर्वाचन परम्परा :-

निर्वाचन की परम्परा भारत में प्राचीन काल से ही विद्यमान है । यह परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है भले ही आज की तरह वैज्ञानिक एवं विकसित न रही हो । वैदिक साहित्य से भी स्पष्ट हो जाता है कि उस समय भी सभा, समिति, जनपद आदि का गठन होता था । उस समय किसी न किसी रूप में मतदान की झलक अवश्य दिखायी पड़ती थी । वैदिक युग के पश्चात साक्ष्यों के आधार पर उस समय अनुमोदन चुनाव अथवा पुष्टीकरण द्वारा निर्वाचन हो जाता था ।

बाद के वर्षों में चुनाव परम्परा का कोई सूत्र दृष्टिगत नहीं होता है । भारत में विदेशियों का अधिकार होने के कारण निर्वाचन परम्परा लगभग समाप्त हो गयी । परन्तु ब्रिटिश शासन के अन्तिम वर्षों में यह परम्परा अवश्य दृष्टिगत होने लगी थी । स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् 1950 में नया संविधान गठित हुआ तथा निर्वाचन की एक स्वतन्त्र परम्परा का श्रीगणेश हुआ जो तभी से निरन्तर प्रयोग में रही ।

1.4 संकल्पना

निर्वाचन साहित्य के अध्ययन से पता चलता है कि निर्वाचन प्रतिरूप सामाजिक एवं आर्थिक संरचना के प्रभावों का वर्णन एवं व्याख्या पहले से ही होती आ रही है । उल्लेखनीय तथ्य यह रहा है कि इस प्रकार के अध्ययन राजनीतिक भूगोल में न होकर राजनीतिशास्त्र एवं समाज शास्त्र में हो रहे थे । सम्भवः राजनीतिक भूगोल में इस प्रकार के अध्ययनों का इसलिए अभाव है । लेकिन इतना तो निश्चित है कि इस प्रकार के अध्ययनों के सहारे अग्रिम अध्ययन को सहयोग प्राप्त होता है । प्रस्तुत अध्ययन में भी संकल्पना का पूर्व निर्माण विगत अध्ययनों के सहारे ही हो सका है ।

1.4.1 सामाजिक-आर्थिक सह-सम्बन्ध-

राजनीतिक विज्ञान और समाज शास्त्र में ऐसे विषय है जो सामाजिक आर्थिक कारकों पर प्रकाश डालते हैं और इनका प्रभाव निर्वाचन व्यवहार के प्रतिरूप पर दृष्टिगत होता है । ऐसे प्रभावी तत्वों में से केवल 29 इसलिए ग्रहण किया गया है कि यह अत्यन्त महत्वपूर्ण है । इनका प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष किसी न किसी रूप में प्रभाव पड़े बिना नहीं रह सकता ।

1.4.1.1 सामाजिक कारक तत्व

1.4.1.1.1 सजीव वातावरण -

भारत गांवों का देश है इसलिए ग्रामीण एवं शहरी जनसंख्या के रूप में सजीव वातावरण निर्वाचन व्यवहार हेतु एक महत्वपूर्ण तत्व सिद्ध होता है । ऐसी परिकल्पना की गयी है कि निर्वाचन व्यवहार के अनेक पहलू ग्रामीण एवं शहरी दृश्य से सम्मिलित रूप से सम्बद्ध है । ऐसा इसलिए है कि ग्रामीणों का निर्वाचन व्यवहार एक तरह का होता है जबकि शहरी जनसंख्या का निर्वाचन व्यवहार अन्य तरह का होता है क्योंकि शहरी लोगों के उपर शिक्षा का प्रभाव रहता है । इसलिए वे अपने मताधिकार के प्रति अधिक जागरूक होते हैं जबकि ग्रामीण लोग अपने कर्तव्य के प्रति कम जागरूक होते हैं । अतः यह वर्तमान समय में आवश्यक हो गया है कि सजीव वातावरण एवं

निर्वाचन व्यवहार के प्रतिरूप के मध्य सम्बन्धों का आंकलन किया जाय ।

1.4.1.1.2 आर्थिक कारक-

अर्थ जीवन का साध्य तो नहीं पर साधन अवश्य है । भारतीय समाज में धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष के सिद्धान्त को महत्त्व दिया गया है लेकिन धर्म के बाद अर्थ का महत्त्व है । जीवन की गतिशीलता अर्थ पर निर्भर करती है । जीवन गतिशील होकर लक्ष्य प्राप्त करें यही सार्थकता है । इसी कारण से प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीय प्रकार के आर्थिकी की परिकल्पना की गयी, क्योंकि निर्वाचन व्यवहार से इनका अलग-अलग सम्बन्ध रहा है । इन तीनों आर्थिकी क्षेत्रों में प्रतिशत जनसंख्या को निर्वाचन व्यवहार के सह-सम्बन्ध में प्रयुक्त किया गया है । उदाहरण के रूप में कृषिगत जनसंख्या के कल्याण के लिए समस्त राजनीतिक दल को उनका समर्थन मिलना अवश्यम्भावी है । अतएवं यह स्पष्ठ है कि मतदान तथा दल समर्थन दोनों के लिए मतदाओं का निर्वाचन व्यवहार उनके आर्थिकी पर निर्भर करता है ।

1.4.1.1.3 सामाजिक परिवेश -

मानव एक सामाजिक प्राणी है वस्तुत: दलों की मूल विचार धारा सामाजिक दर्शन पर आधारित होती है । जाति, धर्म भाषा एवं साक्षरता ऐसे कारक हैं जिनका निर्वाचन व्यवहार से महत्वपूर्ण सम्बन्ध है । इन विशिष्टताओं के कारण ही इन तत्वों को अपने अध्ययन में सम्मिलित किया गया है जो उड़ीसा राज्य के निर्वाचन व्यवहार के स्वभाव को प्रभावित करती है ।

1.4.1.1.4 जनानांकीयकारक -

इसके अन्तर्गत मानव के भौतिक गुणों को सम्मिलित किया गया है । मतदाओं की जनसांख्यकीय विशिष्टताऐं जैसे अवस्था (युवा-प्रौढ़, स्त्री, पुरूष) महत्वपूर्ण कार्य अदा करती है । ऐसी परिकल्पना है कि निर्वाचन व्यवहार के विभिन्न पहलुओं को लिंग के रूप में व्याख्या किया जा सकता है । इसमें इन्हीं तथ्यों की विवेचना का प्रयास किया गया है ।

1.4.1.1.5 बहुचरीय प्रकृति-

प्रस्तुत अध्ययन में निर्वाचन व्यवहार को एक बहुचर समस्या के रूप में स्वीकार किया गया है, अर्थात् किसी चयनित चर का पृथक विश्लेषण न करके इस प्रबन्ध में सभी चरों के सम्मिलित प्रभावों की विवेचना का प्रयास किया गया है । इसका कारण यह है कि निर्वाचन व्यवहार किसी एक चर विशेष का दास नहीं हुआ करता और न ही विभिन्न चर पृथक-पृथक कार्य करते हैं । सामाजिक चरों को इस अध्ययन में एक साथ रखकर उनके अन्र्तसम्बन्धों के आधार पर अनवलम्बित घटकों का निर्माण किया गया है । सम्पूर्ण प्रबन्ध जिस संकल्पना पर टिका है, उसकी मान्यता है कि निर्वाचन, व्यवहार निर्वाचकों को आर्थिक सामाजिक एवं अन्य विशेषताओं के सम्मिलित प्रभाव का परिणाम है ।

1.5 अध्याय योजना

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में प्रयुक्त विधि तन्त्र अध्याय 2 में वर्णित है । तदन्तर अध्याय 3 में निर्वाचन पृष्ठ भूमि का वर्णन किया गया है । अध्याय 4,5,6,7 में क्रमश: सीट वितरण प्रतिरूप, वैध मतदान, कांग्रेस समर्थन एवं कांग्रेसेत्तर दल का भौगोलिक वर्णन प्रस्तुत किया गया है । इन प्रतिरूपों को समाजशास्त्रीय, व्याख्या के लिए जो संकल्पनायें प्रभावित की गयी है उनसे सम्बन्धित चरों का भौगोलिक विवरण अध्याय 8 में प्रस्तुत किया गया है । अध्याय 9,10 एवं 11 में क्रमश: वैध मतदान, कांग्रेस समर्थन, एवं कांग्रेसरत्तर दल के अध्ययन में निर्धारित प्रमुख घटकों के साथ समाश्रयण प्रतिमान के द्वारा पड़ने वाले सामाजिक प्रभावों का मूल्यांकन किया गया है । अन्तत: अध्याय 12 में इन सभी वर्णित अध्यायों का संक्षिप्त विवरण सारांश के रूप में प्रस्तुत किया गया है ।

अध्याय 2

शोध योजना

पूर्व अध्याय में प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के उद्देश्यों का प्रतिपादन किया गया है। निर्वाचन व्यवहार के चरों का मापन उससे सम्बन्धित आंकड़ों का एकत्रीकरण तथा विश्लेषण में प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियाँ तथा मानचित्रण विधियों का सम्यक विवेचन उन अध्याय का विषय है। समस्या के विश्लेषण में जिन विधियों का प्रयोग हुआ, उनका वर्णन प्रस्तुत अध्याय में किया जा रहा है। प्रस्तुत अध्याय को तीन भागों में विभक्त किया गया है। अनुभाग 2.1 में सम्बन्धित साक्ष्य के संकलन एवं परिमार्जन का वर्णन किया गया है। अनुभाग 2.2 में विश्लेषण में प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियाँ तथा अनुभाग 2.3 में शोध समस्या के वर्णन एवं विश्लेषण के परिणामों के मानचित्रण हेतु प्रयुक्त विधियों पर प्रकाश डाला गया है।

2.1 साक्ष्य संकलन एवं परिमार्जन

2.1.1 साक्ष्य संकलन

इस प्रबन्ध में दो प्रकार के साक्ष्यों का प्रयोग हुआ है। प्रथम निर्वाचन सम्बन्धी तथा द्वितीय सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों से सम्बन्धित जो निर्वाचन व्यवहार के कारक रूप मेंसकंलित हुए। इस प्रबन्ध में प्रयुक्त समस्त आंकड़े प्रकाशित स्रोतों से लिए गए हैं। चरों का चयन इस प्रकार से किया गया है जिससे निर्वाचन व्यवहार एवं मतदाताओं की सामाजिक विशिष्टताओं में गहन सम्बद्धता दृष्टिगोचर हो सके। समस्त आंकड़े अनुपात-मापक पर उपलब्ध किये गये हैं।

विश्लेषण में 29 सामाजिक-आर्थिक चर एवं 3 निर्वाचन सम्बन्धी चर अध्ययन में सम्मिलित कियेगये हैं। इन चरों के स्रोतों का उल्लेख तालिका 2.1.1में प्रस्तुत है।

तालिका 2.1.1

चर सूची

क्र0सं0	चर	स्रोत
1-	मतदान	निर्वाचन आयोग रिपोर्ट
2-	कांग्रेस समर्थन	निर्वाचन आयोग रिपोर्ट
3-	कांग्रेसेत्तर दल समर्थन	निर्वाचन आयोग रिपोर्ट
4-	ग्रामीण जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
5-	नगरीय जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
6-	ग्रामीण स्त्रियाँ	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
7-	शहरी स्त्रियाँ	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
8-	कुल काम करने वाली जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
9-	कृषि जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
10-	खेतिहर मजदूर	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
11-	अन्य खेतिहर मजदूर	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
12-	घरेलू उद्योग	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
13-	अन्य घरेलू उद्योग	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
14-	व्यापार	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
15-	परिवहन	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
16-	अन्यसेवाएं	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
17-	काम न करने वाली जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
18-	हिन्दू जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
19-	मुस्लिम जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
20-	ईसाई जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
21-	अनुसूचित जाति जनसंख्या	भारतीय जनगणना रिपोर्ट

क्र0सं0	चर	स्रोत
22-	अनुसूचित जनजाति	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
23-	नवयुवक (20-39) वर्ष	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
24-	प्रौढ़ (40-60) वर्ष	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
25-	वृद्ध (60 से अधिक) वर्ष	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
26-	शिक्षित	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
27-	हाई स्कूल	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
28-	औद्योगिक	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
29-	स्नातक	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
30-	हिन्दी भाषा	भारतीय जनगणना रिपोर्ट
31-	अन्य भाषा	भारतीय जनगणना रिपोर्ट

(समस्त आँकड़े प्रतिशत में संगणित करके प्रयोग में लाये गये हैं)

निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट जिनसे सम्बन्धित आंकड़े प्राप्त किये गये हैं, चुनाव अधिकारियों द्वारा प्रेषित सूचना पर आधारित थी। सामाजिक आंकड़े, जनगणना रिपोर्टों से प्राप्त किया गया है, प्रशासन द्वारा समय-समय पर आयोजित जनगणना पर आधारित है।

2.1.2 कालिक परिप्रेक्ष्य

इस अध्ययन में प्रयोग किये गये समस्त चरों सम्बन्धी आंकड़े निर्वाचन एवं जनगणना वर्षों के अनुसार विभिन्न वर्षों के लिए पृथक-पृथक उपलब्ध थे। फलत: जनगणना और निर्वाचन वर्षों में सामंजस्य का अभाव था।

1- निर्वाचन व्यवहार जिसमें वैध मतदान, कांग्रेस दल, कांग्रेसत्तर दल एवं निर्दल के आंकड़ों के लिए निर्वाचन वर्ष 1952, 1957, 1962, 1967, 1971, 1977, 1980 एवं 1984 लिए गये हैं।

2- सामाजिक-आर्थिक आंकड़ो सम्बन्धी साक्ष्य जनगणना वर्षों 1951, 1961, 1971, 1981 के लिएसंकलित किये गये हैं। दोनों प्रकार के आंकड़े निर्वाचन सामाजिक न केवल विभिन्न वर्षों के लिएउपलब्ध थे, बल्कि जिन ईकाई क्षेत्रों के लिए संकलित हो पाये वे भी भिन्न-भिन्नथी।

2.1.3 इकाई क्षेत्र

1- निर्वाचन सम्बन्धी आंकड़े निर्वाचन क्षेत्र नामक इकाई के लिए उपलब्ध थे। फलत: उनका एकीकरण क्रमिक रूप में हुआ। परन्तु निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या विभिन्न निर्वाचन वर्षों में अलग-अलग हैं। विभिन्न निर्वाचन वर्षों की संख्या निम्नवत है-
1952 (16), 1957 (14), 1962(20), 1967 (20), 1971 (20), 1977 (21), 1980 (21), एवं 1984(21)। मानचित्र 2.1 में विभिन्न निर्वाचन वर्षों के निर्वाचन क्षेत्र का चित्रीकरण किया गया है।

2- सामाजिक आंकड़े सभी स्तर की प्रशासनिक इकाईयों के लिए उपलब्ध थे किन्तु प्रस्तुत अध्ययन को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया कि सामाजिक साक्ष्य

Fig. 2·1 Electoral data units (Parliamentary Constituencies)

के इकाई क्षेत्र जिले हों। उड़ीसा राज्य में विभिन्न वर्षों में जिलों की संख्या निम्न प्रकार से थी। 1951§14§,1961§13§, 1971 §13§,1981§13§ तालिका 2.3.1 मानचित्र 2.3 में विभिन्न जनगणना वर्षों में जिलों को दर्शाया गया है।

2.1.4 आँकड़ों का पूर्व नियोजन

संकलित आँकड़ो के विभिन्न दोषो को विश्लेषण के पूर्व दूर करना अनिवार्य था। इन दोषो को दूर करने के लिए जो विधियाँ प्रयोग की गयीं वे निम्नवत हैं-

2.1.4.1 कालिक विसंगति

साक्ष्य संकलन के वर्षों में जो कालिक विसंगति पायी गयी, उसका निराकरण विश्लेषण के अन्तिम चरण "समाश्रण" में आवश्यक था। यह कार्य अन्तर्वेशन विधि द्वारा सम्पादित किया गया। परिणाम स्वरूप 1951 के आँकड़े 1952 निर्वाचन वर्ष के लिए, 1961 जनगणना वर्ष के आँकड़े 1957 एवं 1962 के लिए, 1971 जनगणना वर्ष के आंकड़े 1967, 1971 के निर्वाचन वर्ष और 1981 के जनगणना के आंकड़े 1977, 1980 तथा 1984 निर्वाचन वर्ष के लिए प्रयुक्त हुए ताकि प्रत्येक निर्वाचन वर्ष के संगत सामाजिक आंकड़े प्राप्त किये जा सकें। आंकड़ो के अन्तर्वेशन के पश्चात ही कार्य-कारण विश्लेषण §समाश्रयण§ निर्वाचन वर्षानुसार सम्भव हो सका।

2.1.4.2 इकाई-क्षेत्र विषमता

निर्वाचन क्षेत्रों पर आधारित निर्वाचन क्षेत्रानुसार निर्वाचन व्यवहार के आँकड़ों, तथा जिलों पर आधारित सामाजिक चरों के आंकड़ों के मध्य सामंजस्य स्थापित करने के लिए माध्य, उच्चता विधि "राबिन्सन एवं सेल 1969, पृष्ठ 10" का प्रयोग किया गया। सामाजिक आँकड़े जिले स्तर पर एकत्रित थे, अन्तर्वेशिन द्वारा उसे निर्वाचन क्षेत्र की इकाई पर लाया गया।

विश्लेषण के लिए जिलों के स्थान पर निर्वाचन क्षेत्रों का आधार माना गया, क्योंकि प्रस्तुत अध्ययन के निर्वाचन व्यवहार से सम्बन्धित होने के कारण यही समीचीन लगा। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रो के भौगोलिक केन्द्रों मानचित्र 2.2 में प्रदर्शित किया

FIG· 2·1 STUDY DESIGN

के इकाई क्षेत्र जिले हों। उड़ीसा राज्य में विभिन्न वर्षों में जिलों की संख्या निम्न प्रकार से थी। 1951 (14), 1961 (13), 1971 (13), 1981 (13) तालिका 2.3.1 मानचित्र 2.3 में विभिन्न जनगणना वर्षों में जिलों को दर्शाया गया है।

2.1.4 आँकड़ों का पूर्व नियोजन

संकलित आँकड़ो के विभिन्न दोषो को विश्लेषण के पूर्व दूर करना अनिवार्य था। इन दोषो को दूर करने के लिए जो विधियाँ प्रयोग की गयीं वे निम्नवत हैं-

2.1.4.1 कालिक विसंगति

साक्ष्य संकलन के वर्षों में जो कालिक विसंगति पायी गयी, उसका निराकरण विश्लेषण के अन्तिम चरण "समाश्रण" में आवश्यक था। यह कार्य अन्तर्वेशन विधि द्वारा सम्पादित किया गया। परिणाम स्वरूप 1951 के आँकड़े 1952 निर्वाचन वर्ष के लिए, 1961 जनगणना वर्ष के आँकड़े 1957 एवं 1962 के लिए, 1971 जनगणना वर्ष के आंकड़े 1967, 1971 के निर्वाचन वर्ष और 1981 के जनगणना के आंकड़े 1977, 1980 तथा 1984 निर्वाचन वर्ष के लिए प्रयुक्त हुए ताकि प्रत्येक निर्वाचन वर्ष के संगत सामाजिक आंकड़े प्राप्त किये जा सकें। आंकड़ो के अन्तर्वेशन के पश्चात ही कार्य-कारण विश्लेषण (समाश्रयण) निर्वाचन वर्षानुसार सम्भव हो सका।

2.1.4.2 इकाई-क्षेत्र विषमता

निर्वाचन क्षेत्रों पर आधारित निर्वाचन क्षेत्रानुसार निर्वाचन व्यवहार के आँकड़ों, तथा जिलों पर आधारित सामाजिक चरों के आंकड़ों के मध्य सामंजस्य स्थापित करने के लिए माध्य, उच्चता विधि "राबिन्सन एवं सेल 1969, पृष्ठ 10" का प्रयोग किया गया। सामाजिक आँकड़े जिले स्तर पर एकत्रित थे, अन्तर्वेशिन द्वारा उसे निर्वाचन क्षेत्र की इकाई पर लाया गया।

विश्लेषण के लिए जिलों के स्थान पर निर्वाचन क्षेत्रों का आधार माना गया, क्योंकि प्रस्तुत अध्ययन के निर्वाचन व्यवहार से सम्बन्धित होने के कारण यही समीचीन लगा। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रो के भौगोलिक केन्द्रों मानचित्र 2.2 में प्रदर्शित किया

FIG. 2.1 STUDY DESIGN

तालिका 2.2.1

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र

1952	1957	1962	1967
1- नवरंगपुर	1- कोरापत ‖अनुसूचित जन0जा0‖	1- कोरापत ‖अनुसूचित ज0जा0	1-मयुरभंज ‖अनुसूचित जन0जा0‖
2- रायगढ़-फुलवानी	2- गंजाम ‖अनुसूचित जाति‖	2- नवरंगपुर	2-वालासोर
3- कालाहाण्डी बोलंगीर‖अनु0जन0 जा‖	3-कालाहाण्डी ‖अनुसूचित जाति‖	3- छत्रपुर	3-भेड़ारक ‖अनुसूचित जाति‖
4- वारगढ़	4-सम्बलपुर ‖अनुसूचित जाति‖	4-भजनगढ़ ‖अनुसूचितजाति‖	4-जाजपुर ‖अनु0 जाति‖
5- सम्बलपुर	5-सुन्दरगढ़	5-कालाहाण्डी	5-केन्द्रपाड़ा
6- सुन्दरगढ़	6-केउंझर	6-फुलवानी ‖अनु0जाति‖	6-कटक
7- ढेन कानाल-वेस्ट कटक ‖अनु0 जनजाति‖	7-मयूरभंज	7-सम्बलपुर	7-पुरी
8- जाजपुर-केउझंर ‖अनु0 जनजाति‖	8-वालासोर	8-बोलगीर ‖अनु0 जाति‖	8-भुवनेश्वर
9- मयूरभंज	9-केन्द्रापाड़ा	9-सुन्दरगढ़ ‖अनु0 जाति‖	9-भजनगढ़
10- वालासोर	10-कटक	10-केउंझर	10-छत्रपुर
11- केन्द्रपाड़ा	11-ढेनकानाल	11-मयूरभंज ‖अनु0जनजाति‖	11-कोरापुत ‖अनुसूचित जनजाति‖
12- कटक	12-अंगुल	12-वालासोर	12-नवरंगपुर ‖अनुसूचित जनजाति‖
13- पुरी	13-भुवनेश्वर	13-भेड़ारक	13-कालाहाण्डी
14- खुरदा	14-पुरी	14-केन्द्रपाड़ा	14-फुलवाणी ‖अनुसूचित जाति‖

तालिका 2.2.1 क्रमशः

1952	1957	1962	1967
15- गुहमुसर		15-जाजपुर (अनु0जाति)	15-बोलंगीर
16- गंजाम (साउथ)		16-कटक	16-सम्बलपुर
		17-ठेनकानाल	17-सुन्दरगढ़ (अनु0जन0जाति)
		18-अंगुल	18-केउंझर (अनु0जन0जाति)
		19-भुवनेश्वर	19-ठेनकानाल
		20- पुरी	20-अंगुल

तालिका 2.2.1क्रमशः

1971	1977	1980	1984
1- मयूरभंज ﴾अनु0जनजाति﴿	1-मयूरभंज ﴾अनुसू0जनजाति	1- मयूरभंज ﴾अनु0जनजाति﴿	1-मयूरभंज ﴾अनु0जनजाति﴿
2- वालासोर	2-वालासोर	2-वालासोर	2-वालासोर
3- भेड़ारक ﴾अनु0जाति﴿	3-भेड़ारक ﴾अनु0जाति﴿	3- भेड़ारक ﴾अनु0 जाति﴿	3-भेड़ारक ﴾अनु0 जाति﴿
4- जाजपुर ﴾अनु0जाति﴿	4-जाजपुर ﴾अनु0जाति﴿	4- जाजपुर ﴾अनु0 जाति﴿	4-जाजपुर ﴾अनु0जाति﴿
5- केन्द्रपाड़ा	5- केन्द्रपाड़ा	5- केन्द्रपाड़ा	5-केन्द्रपाड़ा
6- कटक	6- कटक	6- कटक	6- कटक
7- पुरी	7- जागतसिंहपुर	7-जगतसिंहपुर	7-जगतसिंहपुर
8- भुवनेश्वर	8- पुरी	8- पुरी	8- पुरी
9- भजनगढ़	9- भुवनेश्वर	9- भुवनेश्वर	9- भुवनेश्वर
10-छत्रपुर	10-असका	10-असका	10-असका
11-कोरापुत ﴾अनु0जनजाति﴿	11-बरहामपुर	11-बरहामपुर	11-बरहामपुर
12-नवरंगपुर ﴾अनु0जनजाति﴿	12-कोरापुत ﴾अनु0जनजाति﴿	12-कोरापुर ﴾अनु0 जनजाति﴿	12-कोरापुत ﴾अनु0 जनजाति﴿
13-कालाहाण्डी	13-नवरंगपुर ﴾अनु0 जनजाति﴿	13-नवरंगपुर ﴾अनु0 जनजाति﴿	13-नवरंगपुर ﴾अनु0 जनजाति﴿
14-फुलवाणी ﴾अनुसूचित जाति﴿	14-कालाहाण्डी	14-कालाहाण्डी	14-कालाहाण्डी
15-बोलंगीर	15-फुलवानी ﴾अनु0 जाति﴿	15-फुलवानी ﴾अनु0 जाति﴿	15-फुलवानी ﴾अनु0 जाति﴿
16-सम्बलपुर	16-बोलंगीर	16-बोलंगीर	16-बोलंगीर
17-सुन्दरगढ़ ﴾अनु0जनजाति﴿	17-सुम्बलपुर	17-सम्बलपुर	17-सम्बलपुर

तालिका 2.2 क्रमशः

1971	1977	1980	1984
18- केउंझर (अनु0जनजाति)	18-देवगढ़	18-देवगढ़	18-देवगढ़
19- ठेनकानाल	19-ठेनकानाल	19-ठेनकानाल	19-ठेनकानाल
20- अंगुल	20-सुन्दरगढ़ (अनु0 जनजाति)	20-सुन्दरगढ़ (अनु0 जनजाति)	20-सुन्दरगढ़ (अनु0जनजाति)
	21-केंउझर (अनु0जनजाति)	21-केउंझर (अनु0 जनजाति)	21-केउंझर (अनु0जनजाति)

तालिका 2.3.1

जनगणना वर्षों में जिले

क्र0सं0	1951	1961	1971	1981
1-	मयूरभंज	कालाहाण्डी	सम्बलपुर	सम्बलपुर
2-	केउंझर	कोरापुत	सुन्दरगंढ	सुन्दरगढ़
3-	ठेनकानाल	सम्बलपुर	कैंउझर	केउंझर
4-	सुन्दरगढ़	बोलंगीर	मयूरभंज	मयूरभंज
5-	फुलवाणी	बौद्ध खण्डमाल	वालासोर	वालासोर
6-	गजांम (एजेन्सी)	गंजाम	कटक	कटक
7-	सम्बलपुर	सुन्दरगढ़	बौद्ध-खण्डमाल	बौद्ध खण्डमाल
8-	बोलंगीर	ठेनकानाल	बोलंगीर	बोलंगीर
9-	कालाहाण्डी	पुरी	कालाहाण्डी	कालाहाण्डी
10-	कोरोपुत	केउंझर	कोरापुत	कोरापुत
11-	वालासोर	कटक	गंजाम	गंजाम
12-	कटक	मयूरभंज	ठेनकानाल	ठेनकानाल
13-	पुरी	वालासोर	पुरी	पुरी
14-	गंजाम			

Fig. 2.3 Social data units (Districts)

इस चित्र के आधार पर उड़ीसा राज्य के निर्वाचन व्यवहार का विश्लेषण किया गया है। उक्त चित्र के अर्थ तालिका 2.3 में स्पष्ट किया गया है।

विश्लेषण में जितने निर्वाचन क्षेत्रों के अध्ययन के आधार पर परिणाम निकाले गये, उनकी संख्या सांख्यिकी के वृहत प्रतिदर्श के मापदण्ड के अनुकूल थी। इकाई क्षेत्रों के आकार और आकृतियां भी विश्लेषण और मानचित्रण के लिए आपत्तिजनक नहीं सिद्ध हुई।

2.1.4.3 मापक परिवर्तन

वर्तमान प्रतिबन्ध में प्रतिशत आंकड़ों को विश्लेषण में कई स्थलों पर प्रयोग करने के पहले मानकलब्धियों में परिवर्तित कर लिया गया है ऐसा करने से निम्न लाभ हुए हैं-

1- सभी आंकड़े तुलनीय हो गये, क्योंकि सभी आंकड़ों के माध्य "0" एवं मानक विचलन "1.00" हो गया।

2- वर्ग अन्तराल का चुनाव आसान हो गया।

3- प्रदत्त मूल्य के दुर्लभता को स्थिति को आसानी से स्थानीकृत किया जा सका है क्योंकि मानकलब्धि का श्रेणी का बारम्बारता को स्थिति को सामान्य आंकड़ों में रखा जा सकता है।

तालिका 2.4

मानकलब्धि

-1.5 से कम	अति निम्न
-0.5 - 1.5	निम्न
-0.5 + 0.5	मध्यम
+0.5 + 1.5	उच्च
+1.5 से अधिक	अति उच्च

2.2 सांख्यिकीय विश्लेषण

अध्ययन का विस्तृत वर्णन एवं विश्लेषण के लिए निर्वाचन व्यवहार से सम्बन्धित तीन मुख्य विन्दु लिए गए हैं। इसमें वैध मतदान प्रतिरूप कांग्रेस वोट एवं कांग्रेसेत्तर वोट सम्मिलित किए गये। सम्पूर्ण परिणामात्मक विश्लेषण निम्न तरीके एवं प्रणाली द्वारा सम्पादित किया गया।

2.2.1 वितरण विश्लेषण

1- आंकड़ो द्वारा प्रतिपादित "निरपेक्ष" प्रतिरूप का वर्णन किया गया है।

2- अध्ययन के विषय वस्तु से सम्बन्धित प्रतिरूप पर भी प्रकाश डाला गया।

निम्न विधि द्वारा निरपेक्ष मूल्यों से स्थानीय सांद्रण निर्धारित किया गया है-

$$C = \frac{x}{\bar{x}}$$

यहाँ C सांद्रण x विभिन्न इकाइयों से सम्बन्धित आंकड़े और $\bar{x}$ उनका माध्य प्रदर्शित करता है।

2.2.2 प्रमुख घटक विश्लेषण

सामाजिक आंकड़ों की प्रारम्भिक मैट्रिक्स मानचित्र 2.1 को प्रस्तुत समस्या के सन्दर्भ मेंअधिक बोधगम्य बनाने के लिए प्रमुख घटक विश्लेषण विधि का सहारा लिया गया है। जिसका विस्तृत विवेचन (जान्सन 1978) नामक पाठ पुस्तक में उपलब्ध है।

घटकलब्धि के संगणन का फार्मूला निम्न है-

$$SIK = \sum_{J=1}^{N} DIJ \; LJK$$

यह विश्लेषण कम्प्यूटर केन्द्र इलाहाबाद विश्वविद्यालय में हुआ। डा० मनोरमा सिन्हा द्वारा विकसित प्रोग्राम की सहायता ली गयी।

जहाँ पर D I J कार्यविक्षण I का
चर J पर मानक मूल्य L I K घटक K पर चर J भारण और N पर्यविक्षण की संख्या दर्शाता है।

2.2.2.1 सामाजिक घटक निर्धारण

निर्धारण के प्रथम चरण में प्रत्येक जनगणना वर्ष के लिए संकलित 29 चरों के स्थान पर चार-चार अनावलम्बित घटकों की रचना हुई एवं प्रारम्भिक सामाजिक मैट्रिको के नये आकार प्राप्त कराये गये।

2.2.3 सहसम्बन्ध एवं समाश्रयण

विश्लेषण के अन्तिम चरण में अलग-अलग प्रत्येक निर्वाचन वर्ष के लिए निर्वाचन चरो एवं सामाजिक घटकों के मध्य कार्य एवं कारण की गुणवत्ता परखने के लिए सह-सम्बन्ध एवं समाश्रयण विधि प्रयोग में लाया गया। इस स्तर पर यह आवश्यक हो गया कि आँकड़ो के दोनों समूहों में कालिकक्रम स्थिरता के लिए आँकड़ो में अन्तर्वेशन किया जाय। इस प्रकार से जो आँकड़े उनकी संख्या 29 थी।

1- मतदान की संरचना पर चारो सामाजिक घटकों का प्रभाव 1952 से 1984 तक
2- कांग्रेस वोट पर चारो सामाजिक घटको का प्रभाव 1952 से 1984
3- चारो सामाजिक घटकों का कांग्रेसत्तर दल के प्रकरणों पर प्रभाव रहा।

ऐसा इसलिए किया गया ताकि चरो की बहुविकल्पीय प्रकृति समझा जा सके। संयुक्त समाश्रयण एवं सहसम्बन्ध को अध्ययन में प्राथमिकता दी गयी। यह प्रतिमान निम्न रूप में रैखीय रहा है- $Y = a + bx1 + bx2 + bx3 + bx4$

जहाँ पर Y चर मतदान एवं कांग्रेस के लिए x1, x2, x3 एवं x4 सामाजिक घटकों के लिए प्रयुक्त है।

2.3 मानचित्रण विश्लेषण

विभिन्न स्थलों पर विषय को बोधगम्य बनाने के लिए मानचित्रण की प्रचलित विधियों का प्रयोग किया गया है। मुख्यत: दो विधियाँ प्रयोग में लायी गयी हैं- समरेखण एवं छाया चित्रण। इसके अतिरिक्त सहायक विधि के विविध प्रकार के सांख्यिकीय एवं अन्य आरेख भी प्रयोग में लाये गये हैं।

समरेखण का उपयोग मुख्यत: उन स्थलों पर किया गया जहाँ प्रयुक्त आँकड़ो को किसी कारणवश आँकलित किया गया था अन्यथा उन्हे जहाँ इकाई क्षेत्रों के एक तन्त्र से दूसरे तन्त्र पर लाया गया। इस विधि से यह सम्भव हो सका कि वितरण में स्थानिक विभिन्नता, प्रतिरूप एवं संगठन तीनों एक साथ प्रदर्शित हो। मानक-लब्धियों के सन्दर्भ में जो रेखाये प्रयुक्त हुई, उनके मान थे 1.5, 0.5, -0.5 एवं -1.5। इन मानों से पाँच वितरण वर्ग निर्मित हुए।

मानचित्र पर समरेखाओं का मार्ग निर्धारण रेखीय अन्तर्वेशन विधि से समानुपातिक आंबटनानुसार सम्पादित किया गया।

उन स्थलों पर जहाँ इकाई क्षेत्रों की सीमाओं के अनुसार वितरण दिखलाने थे, वहाँ छाया चित्रण विधि प्रयुक्त हुई और उनमें भी उक्त पाँच वितरण वर्गों द्वारा दर्शाया गया।

अध्याय 3

निर्वाचन पृष्ठ भूमि

प्रस्तुत अध्याय में "लोकसभा" निर्वाचन पद्धति एवं उन प्रकरणों का अध्ययन किया गया है जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से निर्वाचन से सम्बन्धित हैं। इस अध्याय के अन्तर्गत 4 अनुभाग हैं- प्रथम अनुभाग § 3.1 § में निर्वाचन प्रणाली का विस्तृत वर्णन किया गया है। द्वितीय § 3.2 § में भारत की प्रजातांत्रिक नीति, लोकसभा एवं निर्वाचन प्रक्रिया का वर्णन है। तृतीय अनुभाग § 3.3 § में निर्वाचन क्षेत्र की प्रक्रिया एवं इसके निर्माण का वर्णन है। चतुर्थ अनुभाग § 3.4 § में विभिन्न निर्वाचनों के समय निर्वाचन वातावरण का अध्ययन किया गया है।

भारत में निर्वाचन

3.1.1 भारतीय राजनीतिक संगठन

विदेशी शासन से मुक्ति के बाद संविधान निर्माताओं ने भारत के लिए राजनीतिक संगठन का सूत्रपात किया। भारत के संविधान का निर्माण अमेरिका तथा ब्रिटेन के संविधानों के आधार पर हुआ है। संसदीय प्रणाली की व्यवस्था की गयी, जो केवल तत्कालीन महत्त्व की न होकर आधुनिक समय में भी सर्वथा उपयुक्त है। प्रजातन्त्र के माध्यम से सामान्य जनता जनार्दन का प्रतिनिधित्व शासन में सम्भव हो सका है।

3.1.2 भारतीय निर्वाचन

भारत में निर्वाचन की प्रक्रिया अति प्राचीन है। प्राचीनकालीन निर्वाचन प्रक्रिया आधुनिक प्रक्रिया से भिन्न प्रकार की थी। वैदिक साहित्य में संकेत प्रणाली

का वर्णन है। आधुनिक निर्वाचन पद्धति के स्थान पर उस समय "चयन" एवं "संस्तुति" जैसी पद्धतियों का प्रचन था। यद्पि वेदों में किसी विशेष पद्धति का उल्लेख नहीं हैं, तथापि बौद्ध साहित्य में अनेक प्रकार की निर्वाचन पद्धतियों का उल्लेख मिलता है। कालान्तर में ब्रिटिश शासन के प्रभाव के कारण जनता निर्वाचन से अछूती रही। ब्रिटिश शासन लुप्त होते ही भारतीय जनता ने निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय योगदान दिया। प्रथम निर्वाचन 1951-52 में सम्पन्न हुआ, तदोपरान्त अन्य निर्वाचन 1957, 1962, 1967, 1971, 1977, 1980 एवं 1984 में हुआ। संविधान में यह व्यवस्था है कि वह चाहे किसी भी जाति या धर्म को मानने वाला है, उसे मताधिकार प्राप्त है।

3.1.3 लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया

भारत एक प्रजातांत्रिक राष्ट्र है जिसमें संसदीय प्रणाली चार दशकों से विद्यमान है। भारतीय संविधान की स्थापना 26 नवम्बर 1949 को हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। संविधान में संघ की विधान सभा को "संसद" कहा गया है।

संघीय संसद का प्रथम सदन या निम्न सदन लोकसभा कहलाता है। इसके सदस्यों के निर्वाचन के लिए देश को विभिन्न प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में विभक्त किया जाता है। राष्ट्रपति के निर्वाचन की भाँति राज्य सभा के सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं जबकि लोकसभा के सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र की जनता के द्वारा सम्पन्न होता है।

3.2.1 लोकसभा

संघीय संसद का प्रथम सदन या निम्न सदन "लोकसभा" कहलाता है। वर्तमान काल में उसकी अधिकतम संख्या 545 है, जिसमें 525 सदस्य राज्योंसे तथा 20 सदस्य

केन्द्र शासित प्रदेशों से निर्वाचित होकर आते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रपति आंग्ल भारतीय समुदाय के 2 प्रतिनिधियों को भी मनोनीत करता है। इसके सदस्यों के निर्वाचन के लिए देश को विभिन्न प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में बाँट दियाजाता है। ये निर्वाचन क्षेत्र इस प्रकार विभक्त किये जाते हैं कि लोक सभा का एक सदस्य कम से कम 5 लाख जनता का प्रतिनिधित्व करे।

लोकसभा के सदस्यों का निर्वाचन वयस्क मताधिकार के आधार पर होता है। सभी भारतीय नागरिक जिनका आयु 21 वर्ष या अधिक हो जो पागल और दिवालिया नहीं है तथा जिन्हे संसद के कानून से किसी अपराध, भ्रष्टाचार या अन्य किसी कारण से मतदान के अधिकार से वंचित न कर दिया गया हो, को मत देने का अधिकार होता है। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए कुछ स्थान सुरक्षित किये जाते हैं।

लोकसभा की सदस्यता के लिए यह अति आवश्यक है कि वह भारत का नागरिक हो, उसकी आयु 25 वर्ष से कम न हो, केन्द्र सरकार या किसी अन्य राज्य सरकारों के अधीन कोई लाभ का पद न प्राप्त किए हो, वह किसी न्यायालय द्वारा दिवालिया या पागल घोषित न किया गया हो।

लोकसभा संसद का एक महत्वपूर्ण अंग है। लोकसभा की शक्तियों तथा कार्यों में विधायी तथा वित्त सम्बन्धी अधिकार है, साथ ही साथ संविधान संशोधन का भी अधिकार है। राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में निर्वाचक मण्डल के रूप में कार्य करती है। लोकसभा तथा राज्य सभा मिलकर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के विरूद्ध महाभियोग का प्रस्ताव पारित कर सकती है।

3.2.2 निर्वाचन पद्धति

भारत में निर्वाचन पद्धति का कार्य निर्वाचन आयोग नामक संस्था द्वारा सम्पन्न होता है। यह संस्था निर्वाचन का पूर्ण उत्तरदायित्व निभाती है। निर्वाचन

निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण करना, मतदाता सूची तैयार करना, राजनीतिक दलों को मान्यता देना, चुनाव चिन्ह आबंटित करना, निर्वाचन सम्बन्धी अर्द्धविवादों के लिए अर्द्ध न्यायिक प्राधिकरण का कार्य करना, विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए आचरण संहिता तैयार करना, उन राजनीतिक दलों को आकाशवाणी एवं दूरदर्शन पर प्रचार की सुविधा उपलब्ध कराना, चुनाव के दौरान अभ्यर्थी द्वारा खर्च की सीमा का निर्धारण करना आदि। आयोग के मुख्य आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

भारत में प्रथम चुनाव से पहले जनता को निर्वाचन का अनुभव न था किन्तु भारतीय निर्वाचन पद्धति ने अपना प्रभावशाली अस्तित्व बनाये रखा, भारत में मतदान की प्रक्रिया मात्र औपचारिक नहीं है वरन् सभी वयस्क नागरिकों को मताधिकार प्राप्त है।

3.3.1 निर्वाचन क्षेत्र

निर्वाचन का कार्य भारत को अनेक लघु इकाइयों में विभक्त करके किया जाता है। इन खण्डों को ही निर्वाचन क्षेत्र कहा जाता है। निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण निर्वाचक संख्या के आधार पर आधारित होता है तथा यह ध्यान रखा जाता है कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की जनसंख्या समान हो।

निर्वाचन क्षेत्रों तथा स्थानों की संख्या में जो परिवर्तन होता रहता है। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए स्थान सुरक्षित होता है।

निर्वाचन क्षेत्रों का सीमांकन निर्वाचन आयोग जो एक स्वायत्त संस्था है करती है। इसका परसीमन आधार समान आकार, यातायातीय सुविधा संचारीय सुविधा आदि होते हैं। सभी निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग सभी सुविधाएं समान रूप से होती है।

3.3.2 निर्वाचन सीट

1952 के चुनाव वर्ष में भारत के कुल निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 401 तथा स्थान 489 थे। 72 स्थान अनुसूचित जाति तथा 25 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे।

उड़ीसा राज्य में भी प्रथम चुनाव वर्ष में 16 स्थान थे जिसमें 2 स्थान अनुसूचित जाति तथा 2 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे।

द्वितीय निर्वाचन वर्ष (1957) में कुल स्थान 494 जिसमें 76 अनुसूचित जाति के लिए तथा 31 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे। उड़ीसा राज्य के द्वितीय निर्वाचन वर्ष (1957) में कुल स्थान 14, जिसमें 4 स्थान अनुसूचित जाति, 1 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित था।

तृतीय निर्वाचन वर्ष (1962) में कुल स्थान 494, अनुसूचित जाति 76 तथा अनुसूचित जनजाति के 31 स्थान थे। उड़ीसा राज्य में कुल स्थानों की संख्या 20 थी, जिसमें 4 स्थान अनुसूचित जाति तथा 4 स्थान अनुसूचित जनजाति के थे।

चतुर्थ निर्वाचन वर्ष (1967) में कुल स्थानों की संख्या 520 थी, 77 स्थान अनुसूचित जाति तथा 36 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे। चतुर्थ निर्वाचन वर्ष (1967) में उड़ीसा प्रान्त में कुल स्थानों की संख्या 20 थी, जिसमें 3 स्थान अनुसूचित जाति तथा 5 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे।

पंचम निर्वाचन वर्ष (1971) में कुल स्थानों की संख्या 518 थी जिसमें 77 अनुसूचित जाति तथा 37 अनुसूचित जनजाति के लिए थे। उड़ीसा राज्य (1971) के पंचम निर्वाचन वर्ष में कुल स्थान 20, जिसमें 3 स्थान अनुसूचित जाति तथा 5 स्थान अनुसूचित जनजाति के थे।

षष्ठम् निर्वाचन वर्ष (1977) में कुल स्थान 542 थे, 78 स्थान अनुसूचित जाति तथा 38 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे। उड़ीसा राज्य के (1977) षष्ठम निर्वाचन वर्ष में कुल स्थान 21, जिसमें 3 स्थान अनुसूचित जाति तथा 5 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे।

सप्तम निर्वाचन वर्ष (1980) में कुल स्थान 542, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए क्रमशः 78,38 स्थान सुरक्षित थे। उड़ीसा राज्य के सप्तम निर्वाचन वर्ष में कुल स्थान 21 जिसमें 3 स्थान अनुसूचित जाति, तथा 5 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे।

अष्ठम निर्वाचन वर्ष (1984) के निर्वाचन वर्ष में कुल 543 स्थान जिसमें 78 तथा 38 स्थान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे। उड़ीसा राज्य के (1984) अष्ठम निर्वाचन वर्ष में 21 स्थान थे, जिसमें 3 स्थान अनुसूचित जाति तथा 5 स्थान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित थे।

3.3.3 निर्वाचन क्षेत्र निर्धारण

निर्वाचन क्षेत्र के निर्धारण की समस्या अपना अलग महत्त्व रखती है। क्योंकि मतदान के प्रतिरूप की समानता के बावजूद सीट आबंटन के रूप में भिन्न निर्वाचन क्षेत्र भिन्न-भिन्न निर्वाचन परिणाम देते हैं। टेलर (1973) जिस रूप में निर्वाचन समस्याएं खींची जाती है लोकसभा को सामान्य विशेषताओं एवं व्यक्ति तथा राजनीतिक दल के भाग्य को प्रभावित करती है।

निर्वाचन क्षेत्र की सीमा का निर्धारण अत्यन्त सावधानी पूर्वक किया जाता है। सीमा निर्धारण कभी भी स्थायी नहीं होता, क्योंकि जनसंख्या बढ़ने के साथ ही सीमा बदल जाती है। सीमा निर्धारण के समय तीन बातों का ध्यान रखा जाता है।

1- प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में जनसंख्या समान थे।

2- सम्पर्क एवं यातायात की सुविधा हो।

3- सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक समानता हो।

इन सब बातों को ध्यान में रखकर किसी निर्वाचन क्षेत्र की सीमा का निर्धारण किया जाता है।

3.4 आठ महानिर्वाचन

निर्वाचन पद्धति पूर्णरूप से अवलोकन करने के बाद यह अति आवश्यक हो जाता है कि लोकसभा के आठों निर्वाचनों पर दृष्टिपात किया जाय ताकि उस समय की स्थिति तथा निर्वाचकों का किसी राजनीतिक दल के प्रति मनोभाव स्पष्ट हो जाता है। इन आठों महानिर्वाचनों का क्रमिक रूप से वर्णन प्रस्तुत किया गया है।

2.4.1 प्रथम महानिर्वाचन वर्ष 1952

भारत में स्वतन्त्रता आन्दोलन के समय प्रभावकारी दलों के संगठन की आवश्यकता महसूस हुई। कांग्रेस एक विशेष अस्तित्व वाले संगठन के रूप में पैदा हुई, जिसने देश में अंग्रेज विरोधी तत्वों को एकत्रित किया था। परिणाम स्वरूप स्वतन्त्रता के बाद कांग्रेस ने एक राजनीतिक दल के रूप में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया था। कांग्रेस आम जनता का सर्वप्रिय दल था । प्राय: इसको भारतीय समाज का छोटा रूप समझा जाता था, जिसमें राष्ट्र के समस्त तत्वों का प्रतिबिम्ब था। उड़ीसा राज्य में प्रथम महानिर्वाचन (सम्पूर्ण भारत में निर्वाचन के सन्दर्भ में 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक सम्पन्न हुआ। जिसमें उड़ीसा राज्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को बहुमत प्राप्त हुआ। उड़ीसा के 16 स्थानों में से 10 स्थान कांग्रेस को, 3 स्थान गणतन्त्र परिषद को, 1 स्थान कम्युनिष्ट दल को तथा 2 स्थान निर्दलीय दल को प्राप्त हुए थे। यद्यपि जनता प्रथम निर्वाचन के समय अनुभव हीन थी, फिर भी इस महानिर्वाचन में जनता ने अपनी सूझ-बूझ कापरिचय दिया था।

उड़ीसा राज्य में कांग्रेस के बहुमत का कारण कांग्रेस के व्यापक उद्देश्य थे, क्योंकि इनमें भिन्न-भिन्न मतों का समावेश था। इसने प्रदेश के राष्ट्रीय स्वरूप को सुरक्षित रखने का समर्थन किया तथा उसके लिए अथक प्रयास किया। इसकी आर्थिक विचार धारा राज्य को पहल शक्ति और नियंत्रण देने के पक्ष में थी, जबकि अन्य दलों की नीतियाँ संकार्ण थीं।

उड़ीसा ही क्या पूरे देश में प्रथम महानिर्वाचन 1952 में कांग्रेस को पूर्ण रूपेण बहुमत प्राप्त हुआ था। देश के कुल 489 स्थानों में से 364 स्थान कांग्रेस को प्राप्त हुआ था।

3.4.2 द्वितीय महानिर्वाचन 1957

द्वितीय महानिर्वाचन के पहले जनवरी 1956 में वार्षिक अधिवेशन में समाजवादी ढांचे पर कांग्रेस की स्पष्ट नीति प्रकट हुई। कल्याणकारी राज्य तथा समाजवादी अर्थव्यवस्था के रूप में नेहरू ने राष्ट्र के उद्देश्य की व्याख्या की तथा आर्थिक तथा वार्षिक नीति का उद्देश्य समान बंटवारा बताया। जनता भी होशियार हो चली थी, उसके अन्दर विपक्ष की भूमिका के महत्त्व का ज्ञान हो चला था जिससे 1957 में राज्यों के पुर्नगठन के बाद महानिर्वाचन में उड़ीसा राज्य में 14 स्थानों में से 5 स्थान कांग्रेस को गणतन्त्र परिषद को 5 स्थान, 1 स्थान प्रजा सोसलिस्ट दल को, भारतीय कम्युनिष्ट दल को 1 स्थान तथा निर्दलीय दल को 2 स्थान प्राप्त हुआ था। इस प्रकार पूरे उड़ीसा राज्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मिली जुली सरकार गठित हुई थी।

इस महानिर्वाचन वर्ष में पहले वर्ष की अपेक्षा कांग्रेस का वर्चस्व उड़ीसा राज्य में नही रहा। इसके पहले कांग्रेस का बंटवारा शुरू हो गया था, जिससे जनता भी मतदान में कुछ कांग्रेस के प्रति उदासीनता दिखायी। यद्पि उड़ीसा राज्य में गणतन्त्र परिषद का पूर्णरूप से विकास हो गया था जो कांग्रेस दल का प्रमुख विपक्षी था।

यद्पि 1957 के महानिर्वाचन में सम्पूर्ण भारत के सन्दर्भ में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को ही बहुमत प्राप्त था। कुल 494 स्थानों में से 371 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को मिला।

इस प्रकार पूरे देश के सन्दर्भ में उड़ीसा की इस निर्वाचन से अभिहित होता है कि उड़ीसा की जनता कुछ अधिक ही जागरूक हो चली थी।

3.4.3 तृतीय महानिर्वाचन 1962

तृतीय महानिर्वाचन के समय भारत तथा चीन के सम्बन्धों में बढ़ते तनाव तथा भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में असंतोषजनक प्रगति आदि कारणों के कारण भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसको काफी कीमत चुकानी पड़ी। योजना से सम्बन्धित प्रस्ताव पर निजी उद्यमों तथा सरकारी कार्यों के लिए अतिरिक्त साधन जुटाने तथा आयात को कम करने के लिए राज्य व्यापार की आवश्यकता पर बल दिया गया। संयुक्त तथा सहकारी खेती को बढ़ावा दिये जाने, भूमि अधिकार की सीमा को निश्चित करने तथा बिचौलियों को समाप्त करना आदि कार्यों पर बल दिया गया। उड़ीसा के तृतीय महानिर्वाचन में इसका अधिक प्रभाव पड़ा। उड़ीसा की जनता ने पुन: कांग्रेस को बहुमत में लानी चाही। यही कारण है कि 20 स्थानों में से 14 स्थान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल को प्राप्त हुआ। 4 स्थान गणतन्त्र परिषद को, 2 स्थान सोसलिस्ट दल को एवं 1 स्थान प्रजा सोसलिस्ट दल को प्राप्त हुए।

उड़ीसा राज्य के तृतीय महानिर्वाचन वर्ष में क्षेत्रीय पार्टियों का अधिक प्रभाव नहीं रहा। पूरे देश में इस महानिर्वाचन वर्ष में कांग्रेस को 494 स्थानों में से 361 स्थान प्राप्त हुए।

3.4.4 चतुर्थ महानिर्वाचन 1967

कांग्रेस की शक्ति बँटवारा काल की दृष्टि से तीसरा काल 1963 से 1967 का था, जिसमें प्रधानमंत्री तथा कांग्रेस अध्यक्ष के बीच भिन्नता व एक नया सन्तुलन पैदा हो गया। मई 1964 में नेहरू की मृत्यु के पश्चात दल में व्यक्ति विशेष का स्थान प्रबल हो उठा। उड़ीसा राज्य में इसका बहुत अधिक प्रभाव पड़ा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल का असर महत्वहीन हो चला जिससे क्षेत्रीय पार्टियों का अधिक प्रभाव हो गया। देश की समुचित विकास न हो पाने के कारण सीधा असर मतदाता पर पड़ा। चतुर्थ महानिर्वाचन वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल को भारी कीमत चुकानी पड़ी। इसी कारण से 20 स्थानों में से 8 स्थान स्वराज्यदल को प्राप्त हुआ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 6 स्थान, प्रजा सोसलिस्ट दल को 1 स्थान तथा निर्दल

दल को 1 स्थान प्राप्त हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभाव पूर्ण रूप से समाप्त नहीं हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा एस0डब्लू0 ए0 की मिली जुली सरकार गठित हुई।

सम्पूर्ण भारत में कुल 520 में 383 स्थान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल को प्राप्त हुआ।

3.4.6 पंचम महानिर्वाचन 1971

इस महानिर्वाचन के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल का विभाजन हो गया, जिससे संगठन कांग्रेस का जन्म हुआ। इस चुनाव में राजनीतिक दलों का मुख्य नारा था कि गरीबी हटाओ, सबको रोजगार दो। उड़ीसा राज्य में व्यापक तौर पर इसका प्रभाव पड़ा जिससे पंचम महानिर्वाचन वर्ष में पुन: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल की खोयी हुई प्रतिष्ठा मिली। उड़ीसा राज्य में कई कार्यक्रमों का विकास किया गया, जिससे इसका असर जनता या मतदाता पर पड़ा। इस निर्वाचन वर्ष में 20 स्थानों में से 15 स्थान कांग्रेस दल को प्राप्त हुआ। उत्कलदल को 1 स्थान, भारतीय कम्युनिष्ट दल को 1, स्वराज्य दल को 3 स्थान प्राप्त हुआ।

उड़ीसा राज्य के इस निर्वाचन वर्ष में क्षेत्रीय पार्टियों का महत्व हो गया। सम्पूर्ण भारत में कांग्रेस दल को 520 स्थानो में से 352 स्थान प्राप्त हुआ तथा केन्द्र में कांग्रेस की ही सरकार बनी।

3.4.6 षष्ठम महानिर्वाचन 1977

इस निर्वाचन वर्ष में पिछले निर्वाचन वर्ष की अपेक्षा परिस्थितियाँ भिन्न थीं इन्दिरा कांग्रेस पूर्ण रूप से इस निर्वाचन वर्ष में उड़ीसा राज्य के मतदाताओं से विश्वास खो चुकी थी। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक समस्याओं का सामना करने के लिए आपातकालीन स्थिति लागू कर दी गयी जिससे देश की जनता में इसके प्रति आक्रोश उत्पन्न हो गया। विरोधी दलों ने मिलकर जनता दल का

निर्माण किया तथा उड़ीसा राज्य में भारतीय लोकदल का प्रभाव अधिक था, इससे इन्दिरा कांग्रेस को भारी क्षति पहुँची।

उड़ीसा राज्य के इस निर्वाचन वर्ष में 21 स्थानों में 15 स्थान भारतीय लोकदल को प्राप्त हुआ, इन्दिरा कांग्रेस को 5 स्थान, भारतीयकम्युनिष्ट दल को 1 स्थान प्राप्त हुआ। इस निर्वाचन वर्ष में इन्दिरा कांग्रेस को काफी कीमत चुकानी पड़ी क्योंकि देश की समस्याओं से निपटने के लिए आपात कालीन स्थिति लागू कर दिया।

यही नहीं पूरे भारत में इस निर्वाचन वर्ष में जनता दल को 295 स्थान प्राप्त हुआ। कांग्रेस को मात्र 154 स्थानों को लेकर सन्तोष करना पड़ा।

3.4.7 सप्तम महानिर्वाचन 1980

इस महानिर्वाचन वर्ष के दौरान जनता पार्टी में विभाजन हो गया, जिससे इसका प्रभाव उड़ीसा राज्य में अधिक पड़ा। यह सरकार अपनी 5 वर्ष की अवधि को भी पूरा न कर पायी। इस महानिर्वाचन वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था शिथिल पड़ गयी। उड़ीसा राज्यमें आर्थिक विकास की गति मन्द पड़ गयी। सामाजिक मूल्यों का ह्रास होने लगा, इससे मतदाताओं पर काफी असर पड़ा।

उड़ीसा राज्य में 21 स्थानों में से 20 स्थानों पर इन्दिरा कांग्रेस का अधिकार हो गया। मात्र 1 स्थान जनता दल को मिला। इसका कारण यह था कि इन्दिरा कांग्रेस का व्यापक उद्देश्य, आर्थिक विकास लागू करना आदि।

इस निर्वाचन वर्ष में 542 स्थानों में से 351 स्थान कांग्रेस को मिला।

3.4.8 अष्ठम महानिर्वाचन 1980

इस निर्वाचन वर्ष की परिस्थितियाँ पिछले वर्ष की अपेक्षा बदली थी। लेकिन उड़ीसा राज्य में इसका प्रभाव नहीं पड़ा। इन्दिरा कांग्रेस का प्रभाव अन्य दलों की अपेक्षा अधिक रहा है। उड़ीसा राज्य का समुचित विकास के लिए इन्दिरा

कांग्रेस ने बहुत अधिक प्रयास किया, जिससे मतदाताओं पर काफी असर पड़ा। इस निर्वाचन वर्ष में कुल 21 स्थानों में से 20 स्थान पर इन्दिरा कांग्रेस का प्रभुत्व रहा क्योंकि इस चुनाव वर्ष के पूर्व श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या कर दी गयी थी। जनता दल को मात्र 1 स्थान मिला।

सम्पूर्ण भारत में इस निर्वाचन वर्ष में इन्दिरा कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ।

अध्याय 4

सीट वितरण प्रतिरूप

उड़ीसा राज्य में सम्पन्न हुए लोकसभा निर्वाचनों में विभिन्न दलों द्वारा प्राप्त स्थानों के वितरण प्रतिरूप को वर्तमान अध्याय में प्रदर्शित किया गया है। प्रस्तुत अध्याय पाँच भागों में विभक्त है। प्रथम अनुभाग 4.1 में सम्पूर्ण विजित सीटों का वितरण प्रस्तुत किया गया है। द्वितीय अनुभाग 4.2 में निर्वाचन वर्षों के अनुसार इनका वितरण प्रस्तुत किया गया है। तृतीय अनुभाग 4.3 में राजनीतिक दलों की प्रतिशत प्रतियोगिता का विवरण प्रस्तुत किया गया है। चतुर्थ अनुभाग 4.4 में निर्वाचन वर्षों के आधार पर दलों के स्थानीय साम्यावस्था का वितरण प्रस्तुत किया गया है। अन्तिम अनुभाग 4.5 में प्रत्येक निर्वाचन वर्ष में विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के प्रत्याशियों की संख्या को प्रस्तुत किया गया है।

4.1 सम्मिलित दल

प्रस्तुत अध्याय के तालिका 4.1 में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा भिन्न भिन्न निर्वाचन वर्षों में विजय प्राप्त स्थानों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। तालिका के अध्ययन द्वारा निम्न निष्कर्ष निकाला जा सकता है-

उड़ीसा के सम्पूर्ण महानिर्वाचन वर्षों (1957, 1967 एवं 1977 के वर्षों को छोड़कर) में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व रहा है। पं0 जवाहर लाल नेहरू के समय में कांग्रेस को अधिक स्थान मिला तदनुसार उनके निधन के पश्चात लोकतन्त्र डगमगाने लगा और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उभरने के साथ ही कांग्रेस का आधिपत्य शनैः-शनैः समाप्त होने लगा किन्तु यह स्थिति कुछ ही वर्षों तक उड़ीसा राज्य में 1957, 1967 में रही तदुपरान्त पुनः कांग्रेस दल का प्रभुत्व स्थापित होने लगा। निर्वाचन वर्षों के बाद पुनः कांग्रेस की स्थिति में सुधार हुआ। सप्तम निर्वाचन वर्ष (1980) में उड़ीसा राज्य के क्षेत्रीय दलों का प्रभुत्व समाप्त प्राय हो गया। कांग्रेस दल

तालिका 4.1

निर्वाचन में सम्मिलित दल एवं विजित स्थानों का योग

	1952	1957	1962	1967	1971	1977	1980	1984
1-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल	10	5	14	6	15	5	20	20
2-गणतन्त्र परिषद दल	3	5	4	×	×	×	×	×
3-सोसलिस्ट दल	×	×	1	×	×	×	×	×
4-प्रजासोसलिस्ट दल	×	1	1	4	×	×	×	×
5-भारतीय कम्युनिस्ट दल	1	1	×	×	1	×	×	×
6-भारतीय कम्युनिस्ट दल (मार्क्सवादी)	×	×	×	×	×	1	×	
7-स्वराज्यदल	×	×	×	8	3			×
8-उत्कल कांग्रेस दल	×	×	×	×	1	×		×
9-जनता पार्टी (सेक्लुर)	×	×	×	×	×	×		×
10-जनता पार्टी	×	×	×	×	×	×	1	1
11-भारतीय लोकदल	×	×	×	×	×	15		×
12-सम्यक सोसलिस्टदल	×	×	×	1	×	×	×	×
13-निर्दलीय	2	2	×	1	×	×	×	×

ने उड़ीसा राज्य के सम्यक विकास के लिए काफी प्रयत्न किया, जिसका परिणाम यह हुआ कि 1984 के निर्वाचन वर्ष में कांग्रेस की स्थिति अधिक सुदृढ हो गयी। प्रथम निर्वाचन वर्ष 1952 में कांग्रेस को 16 स्थानों में 10 स्थान प्राप्त हुआ, जबकि 1957 में कांग्रेस को केवल 5 स्थान मिला। तृतीय महानिर्वाचन वर्ष में कांग्रेस की स्थिति में सुधार हुआ, और 20 स्थानों में से 14 स्थान प्राप्त हुआ। उड़ीसा राज्य के चतुर्थ निर्वाचन वर्ष में कांग्रेस को काफी क्षति पहुँची, क्योंकि 20 स्थानों में से मात्र 6 स्थानों पर ही वर्चस्व रहा। 1971 के निर्वाचन वर्ष में पुन: कांग्रेस को 20 स्थानों में से 15 स्थान प्राप्त हुआ, 1977 में पुन: कांग्रेस को भारी क्षति पहुँची, 21 स्थानों में से 5 स्थान को लेकर ही संतोष करना पड़ा। लेकिन 1980 एवं 1984 के निर्वाचन वर्षों में कांग्रेस को 21, 21 स्थानों में से 20, 20 स्थान प्राप्त हुआ। परिणाम स्वरूप उड़ीसा राज्य में क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के बावजूद कांग्रेस को 5 महानिर्वाचन वर्षों में बहुमत प्राप्त करना अपने आप में बहुत महत्त्वपूर्ण घटना है।

2- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद द्वितीय स्थान गणतन्त्र परिषद का है। इस दल का जन्म 1952 में हुआ। लेकिन इस दल का अस्तित्व केवल 1962 तक ही रह पायी। इसके बाद इस दल का प्रभुत्व समाप्त हो गया।

3- भारतीय कम्युनिस्ट दल सम्पूर्ण निर्वाचन वर्षों में प्रभावशाली रहे। 1952 एवं 1957 में इस दल को 1, 1 स्थान प्राप्त हुआ। लेकिन सभी निर्वाचन वर्षों में इसका महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है।

4- प्रजा सोसलिस्ट दल का प्रभाव 1952 से 1984 तक के निर्वाचन वर्षों में रहा लेकिन 1957 में इस दल को 1 स्थान, 1962 में भी 1 स्थान तथा 1967 में 4 स्थान प्राप्त हुआ। इस दल का प्रभाव लगभग सभी निर्वाचन वर्षों में रहा है।

5- निर्दलीय प्रत्याशी 1952 से ही निर्वाचन में सक्रिय भूमिका का निर्वाह करते रहे हैं और 1984 के निर्वाचन वर्ष तक अपना अस्तित्व बनाये रखने में सफलता प्राप्त की।

उड़ीसा राज्य में इन दलों के अतिरिक्त अन्य दलों में भारतीय कम्युनिस्ट दल, भारतीय कम्युनिस्ट दल (मार्क्सवादी) उत्कल कांग्रेस, जनतापार्टी आदि का उल्लेखनीय स्थान रहा है।

4.1.1 समग्रपार्टी प्रदर्शन

उड़ीसा राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों का तुलनात्मक अध्ययन भी किया गया है। तालिका 4.2 का अवलोकन करने पर निम्न तथ्य प्रकाश में आते हैं-

1- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 1952, 1962, 1971, 1980 एवं 1984 के निर्वाचन वर्षों में क्रमशः 62.50 प्रतिशत, 70 प्रतिशत, 75 प्रतिशत, 95.23 प्रतिशत तथा 95.23 प्रतिशत स्थान प्राप्त करके शीर्षस्थ स्थान पर था। 1957, 1967 एवं 1971 में क्रमशः 30.50 प्रतिशत, 30 प्रतिशत एवं 23.80 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया।

2- गणतन्त्र परिषद दल को प्रथम निर्वाचन वर्ष, द्वितीय निर्वाचन तथा तृतीय निर्वाचन वर्ष में क्रमशः 18.75 प्रतिशत, 30.50 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत स्थान प्राप्त हुआ।

3- प्रजा सोसलिस्ट दल 1957, 1962 एवं 1967 में क्रमशः 7.14 प्रतिशत, 5प्रतिशत, तथा 20 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया।

4- निर्दलीय प्रत्याशियों को 1952 तथा 1957 के निर्वाचन वर्ष में 12.50 प्रतिशत तथा 14.28 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया।

5- भारतीय कम्युनिस्ट दल 1952, 1957 तथा 1971 के निर्वाचन वर्ष में क्रमशः 6.25 प्रतिशत, 7.12 प्रतिशत तथा 5 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया। अन्य निर्वाचन वर्षों में इसका स्थान नगण्य रहा।

4.2 सीट वितरण (विजित, अविजित)

इस अनुभाग में उड़ीसा राज्य के विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त स्थानों का विवरण प्रस्तुत किया गया है। निर्वाचन वर्षों के अनुसार प्रत्येक निर्वाचन

तालिका 4.2

विजित स्थानों का प्रतिशत

	1952	1957	1962	1967	1971	1977	1980	1984
1-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल	62.50	30.50	70.0	30.0	75.0	23.80	95.23	95.23
2-गणतन्त्र परिषद दल	18.75	30.50	20.0	×	×	×	×	×
3-प्रजासोसलिस्ट दल	×	7.12	5.0	20.0	×	×	×	×
4-निर्दलीय प्रत्याशी	12.50	14.28	×	×	×	×	×	.×
5-भारतीय कम्युनिस्ट दल	6.25	7.12	×	×	5.0	×	×	×
6-मार्क्सवादी कम्युनिस्ट दल	×	×	×	×	×	4.76	×	×
7-स्वराज्य दल	×	×	×	40.0	15.0	×	×	×
8-उत्कल कांग्रेस दल	×	×	×	×	5.0	×	×	×
9-भारतीय लोकदल	×	×	×	×	×	71.42	×	×
10-सम्यक सोसलिस्ट दल	×	×	×	5.0	×	×	×	×
11-जनता पार्टी	×	×	×	×	×	×	4.76	14.76

वर्ष के सन्दर्भ में प्रत्येक महानिर्वाचन वर्ष का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया है। प्रत्येक प्रतिरूप के वर्णन के सन्दर्भ में विजयी दल के स्थान एवं साथ ही साथ द्वितीय वरीयता प्राप्त दल का विवरण प्रस्तुत किया गया है ताकि प्रतियोगिता का स्तर स्पष्ट हो सके।

4.2.1 प्रथम महानिर्वाचन वर्ष 1952

ब्रिटीश शासन काल की यातनाओं से संघर्ष करता भारत जब स्वतन्त्र हुआ तो स्वतन्त्रता के पश्चात प्रथम महानिर्वाचन 1951-52 में सम्पन्न हुआ। उड़ीसा राज्य में भारतीय राष्ट्रीयकांग्रेस के साथ ही साथ अनेक क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ। दल को विजयश्री व्यक्तित्व के आधार पर मिली। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को उड़ीसा राज्य में बहुमत प्राप्त होने के कारण था पंडित ज्वाहर लाल नेहरू के त्याग और व्यक्तित्व का प्रभाव। चित्र 4.1 में कांग्रेस केसाथ ही साथ द्वितीय वरीयता प्राप्त दल का भी विवरण प्रस्तुत किया गया है। सम्पूर्ण वितरण पाँच प्रमुख दलों के वर्णन में प्रस्तुत किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, गणतन्त्र परिषद दल, सोसलिस्ट दल, भारतीय कम्युनिस्ट दल एवं निर्दल आदि।

4.2.1.1 भारतीय राष्ट्राय कांग्रेस क्षेत्र

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल उड़ीसा राज्य के लगभग सभी निर्वाचन क्षेत्रों में विस्तृत है। कांग्रेस दल को अनेक विरोधी दलों का सामना करना पड़ा है जिसमें गणतन्त्र परिषददल, सोसलिस्ट दल, भारतीय कम्युनिष्ट दल एवं निर्दल आदि। सुन्दरगढ़- ठेनकानाल,-वेस्ट कटक (अनुसूचित जनजाति) जाजपुर -केउंझर, (अनुसूचित जाति) मयुरभंज, बालासोर (अनुसूचित जाति) केन्द्रपाड़ा , कटक, पुरी, खुरदा तथा रायगढ़ा-फुलबानी (निर्विरोध) निर्वाचन क्षेत्रों में अपने प्रतिद्वन्दी दलों को हराकर विजयश्री हासिल की, नवरंगपुर, कलाहाण्डी- बोलंगीर (अनुसूचित जनजाति), सम्बलपुर, गुटमुसर निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी प्रतिस्पधा करके द्वितीय स्थान पर रही।

Fig. 4·1 Party Distribution : 1952

4.2.1.2 गणतन्त्रपरिषद क्षेत्र

यह दल उड़ीसा के पश्चिम तथा मध्य भाग में विस्तृत है। नवरंगपुर, कालाहाण्डी, बोलगीर (अनुसूचित जनजाति) सम्बलपुर निर्वाचन क्षेत्रों में विजयश्री प्राप्त किया। बारगढ़ , सुन्दरगढ़, जाजपुर, केउंझर (अनुसूचित जाति) निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी प्रतिस्पर्धा करके द्वितीय स्थान पररहीं ।

4.2.1.3 सोसिालस्ट दल क्षेत्र

इस दल का प्रभाव उड़ीसा राज्य के केन्द्रपाड़ा , ढेनकानल, वेस्टकटक (अनुसूचित जनजाति) तथा बालासोर निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

4.2.1.4 भारतीय कम्युनिष्ट दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के मात्र गंजाम निर्वाचन क्षेत्र में दल को विजयश्री मिली। कटक, पुरी, खुरदा निर्वाचन क्षेत्रों में इसका द्वितीय स्थान रहा है।

4.2.1.5 निर्दलीय क्षेत्र

उड़ीसा के अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में इसका विस्तार पाया जाता है। बारगढ़ तथा गुहमुसर निर्वाचन क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। गंजाम साउथ निर्वाचन क्षेत्र में इसका द्वितीय स्थान रहा है।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि प्रथम महानिर्वाचन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को ही पूर्णरूपेण बहुमत मिला। इसके अतिरिक्त गणतन्त्र परिषद , सोसिलिस्ट दल, कम्युनिष्ट दल तथा निर्दलीय का महत्त्व विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है।

4.2.2 द्वितीय महानिर्वाचन 1957

द्वितीय महानिर्वाचन के पहले जनवरी 1956 में आण्डा वार्षिक अधिवेशन में समाजवादी ढांचे पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीति स्पष्ट हुई। उड़ीसा राज्य

में इस नीति का प्रभाव बहुत कम पड़ा। द्वितीय निर्वाचन के समय जनता प्रबुद्ध हो चली थी, उसके अन्दर विपक्ष की भूमिका का ज्ञान हो चुका था जिससे 1957 में राज्यों के पुनर्गठन के पश्चात महानिर्वाचन में विजयी दल के साथ अन्य दलों का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा। द्वितीय वरीयता प्राप्त दल का विवरण प्रस्तुत किया है। चित्र 4.2 (a-b) के द्वारा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। इस चित्र के अवलोकन से पाँच क्षेत्र स्पष्ट हो जाते हैं- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, गणतन्त्र परिषद, निर्दलीय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी तथा प्रजा सोसलिस्ट दल का क्षेत्र।

4.2.2.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस क्षेत्र

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल उड़ीसा राज्य के उत्तरी पूर्वी तथा दक्षिणी भाग में विजयी रही। मध्यवर्ती भाग में भी इस दल का प्रभाव कम है। कोरापुत (अनुसूचित जनजाति) गंजाम, (अनुसूचित जाति) बालासोर (अनुसूचित जाति) कटक तथा भुवनेश्वर निर्वाचन क्षेत्रों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल को विजय श्री प्राप्त हुई। कालाहाण्डी (अनुसूचित जाति) सम्बलपुर (अनुसूचित जाति), सुन्दरगढ, केउंझर केन्द्रपाड़ा (अनुसूचित जाति) ठेनकानल, अंगुल तथा पुरी निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान पर रही है। इस निर्वाचन वर्ष में पूर्णरूप से कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला।

4.2.2.2 गणतन्त्र परिषद क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के द्वितीय निर्वाचन वर्ष में गणतन्त्र परिषद दल का प्रभाव उत्तरी तथा पश्चिमी भाग पर है। कालाहाण्डी (अनुसूचित जाति), सम्बलपुर (अनुसूचित जाति), सुन्दरगढ, ठेनकानाल, तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्रों में गणतन्त्र परिषद दल को विजय मिली। कोरापुत (अनुसूचित जनजाति) मयूरभंज निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान पर रही है।

Fig. 4.2 Party Distribution : 1957

4.2.2.3 सोसलिस्ट दल क्षेत्र

इस दल का विस्तार उड़ीसा राज्य के पूर्वी तथा उत्तरी भाग में है। केन्द्रापाड़ा [अनुसूचित जाति] निर्वाचन क्षेत्र में विजय श्री प्राप्त की। कटक निर्वाचन क्षेत्र में दल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.2.4 भारतीय कम्युनिस्ट दल क्षेत्र

1957 में उड़ीसा राज्य के मात्र पुरी निर्वाचन क्षेत्र में इसका आधिपत्य रहा है। यहाँ पर कांग्रेस को हराकर विजय प्राप्त किया। भुवनेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में इसको द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.2.5 निर्दलीय क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के उत्तरी तथा दक्षिणी क्षेत्र में इसका प्रभाव है। केउंझर तथा मयूर भंज निर्वाचन क्षेत्र में अपने प्रतिद्वन्दी कांग्रेस दल को हराकर विजय हासिल की। गंजाम [अनुसूचित जाति] निर्वाचन क्षेत्र में इस दल को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.3 तृतीय महानिर्वाचन वर्ष 1962

तृतीय महानिर्वाचन के समय राजनीतिक अस्थिरता आ गयी थी। पंचवर्षीय योजनाओं के न सफल होने के कारण जनता में असन्तोष व्याप्त हो गया तथा उड़ीसा राज्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभाव कम हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अलावा, अन्य दल भी उभर कर आने लगे। चित्र 4.3[a-b] विजय प्राप्त दल तथा द्वितीय वरीयता प्राप्त दल का स्थानिक प्रतिरूपण प्रस्तुत किया गया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, गणतन्त्र परिषद, प्रजा सोसलिस्ट दल, भारतीय कम्युनिस्ट दल तथा निर्दल दल का क्षेत्र।

4.2.3.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर शेष भागों पर इस दल का वर्चस्व है। कोरापुत [अनुसूचित जनजाति], नवरंगपुर, छत्रपुर, भंजनगढ, केउंझर, मयूरगंज

Fig. 4.3 Party Distribution : 1962

ः अनुसूचित जनजातिः बालासोर, भेड़ारकः अनुसूचित जातिः, जाजपुर ःअनुसूचित जातिः कटक, ठेनकानाल, अंगुल ः निर्विरोधः भुवनेश्वर तथा पुरी निर्वाचन क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिद्वन्दियों को हराकर अपना वर्चस्व कायम किया। कालाहाण्डी, फुलवानीः अनुसूचित जनजातिः सम्बलपुर, बोलगीर ःअनुसूचित जातिः, सुन्दरगढः अनुसूचित जनजातिः, केन्द्रापाड़ा निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी प्रतिस्पर्धा करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस निर्वाचन वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल को बहुमत मिला।

4.2.3.2 सोशिलिस्ट दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के मात्र सम्बलपुर निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस दल को हराकर विजयहासिल किया। भजनगढ़ ःअनुसूचित जातिः निर्वाचन क्षेत्र में इसे द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस निर्वाचन क्षेत्र में क्षेत्रीय दलों का प्रभाव कम हो गया था।

4.2.3.3 गणतन्त्र परिषद दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के कालाहाण्डी, फुलवानीः अनुसूचित जनजातिः, बोलंगीर ःअनुसूचित जातिः, सुन्दरगढः अनुसूचित जनजातिः निर्वाचन क्षेत्रों पर इस दल का वर्चस्व रहा। कोरापुत ःअनुसूचित जातिः नवरंगपुर, केउंझर, मयूरभंज ःअनुसूचित जनजातिः ठेनकानाल, आदि निर्वाचन क्षेत्रों में इस दल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.3.4 भारतीय कम्युनिस्ट दल क्षेत्र

तृतीय महानिर्वाचन वर्ष में इस दल को कोई स्थान न मिल सका। भुवनेश्वर, तथा पुरी निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी प्रतिस्पर्धा करके द्वितीय स्थान पर रही।

4.2.3.5 निर्दलीय क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के तृतीय महानिर्वाचन वर्ष में इस दल को कोई स्थान न मिल सका। बोलगीरःअनुसूचित जातिः, मयुरभंजःअनुसूचित जनजातिः आदि निर्वाचन क्षेत्रों में इसका तृतीय स्थान रहा।

4.2.4 चतुर्थ महानिर्वाचन 1967

चतुर्थ महानिर्वाचन विकट परिस्थितियों में सम्पन्न हुआ। उड़ीसा राज्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल का प्रभाव कम होने लगा। इस निर्वाचन वर्ष में अनेक नयां विपक्षी दलों का उदय हुआ जिससे कांग्रेस को भारी क्षति उठानी पड़ी। चित्र 4.4 (a-b) के द्वारा विजित दल तथा द्वितीय वरीयता प्राप्त दल का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है।

4.2.4.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य में इस दल का विस्तार दक्षिणी-पश्चिमी भाग में है। भुवनेश्वर भजनगढ, छत्रपुर, कोरापुत (अनुसूचित जनजाति), नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति) तथा सम्बलपुर निर्वाचन क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा करके इस दल को विजयश्री मिली। मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति), बालासोर, जाजपुर (अनुसूचित जाति), केन्द्रापाड़ा, कटक, पुरी, कालाहाण्डी, फुलवानी (अनुसूचित जाति), बोलंगीर, सुन्दरगढ (अनुसूचित जनजाति) केउंझर (अनुसूचित जनजाति) ठेनकानल तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्रमें द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस निर्वाचन वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को काफी क्षति पहुँची।

4.2.4.2 स्वराज्य दल क्षेत्र

इस निर्वाचन के पहले इस दल का अस्तित्व नहीं था। इसका जन्म 1967 के चुनाव में हुआ तथा इस दल को भारी सफलता मिली। मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति), कालाहाण्डी, फुलवानी (अनुसूचित जाति), बोलंगीर, सुन्दरगढ (अनुसूचित जनजाति) केउंझर (अनुसूचित जनजाति) ठेनकानल तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्रों में इस दल को विजय मिली। भेड़ारक (अनुसूचित जाति) छत्रपुर, कोरापुत (अनुसूचित जनजाति), नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति), सम्बलपुर, आदि निर्वाचन क्षेत्रों में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.4.3 प्रजा सोसलिस्ट दल क्षेत्र

इस दल का विस्तार उत्तरी पूर्वी भाग में है। उड़ीसा के बालासोर, जाजपुर

Fig.4·4 Party Distribution : 1967

§अनुसूचित जाति§ केन्द्रापाड़ा तथा कटक निर्वाचन क्षेत्रों में विजय श्री मिली। इस दल को किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान नहीं मिला।

4.2.4.4 भारतीय कम्युनिस्ट दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्यमें इस निर्वाचन वर्ष में कोई स्थान न पा सका। भुवनेश्वर तथा भजनगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में इसे द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.4.5 निर्दलीय क्षेत्र

इस का प्रभाव पूर्वी क्षेत्र में है। भेड़ारक §अनुसूचित जाति§ निर्वाचन क्षेत्र में इसको विजय श्री मिली। इस को किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान भी न मिल सका।

4.2.5 पंचम महानिर्वाचन वर्ष 1971

इस महानिर्वाचन वर्ष में उड़ीसा राज्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को खोयी हुई प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। यह निर्वाचन श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

चित्र 4.5 §a-b§ को विजयी दल तथा द्वितीय प्राप्त दल का प्रतिरूप प्रदर्शित किया गया है। अध्ययन की सुविधा के लिए पाँच क्षेत्रों में विभाजित किया गया है- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ,स्वराज्य दल, भारतीय कम्युनिस्ट दल, निर्दलीय तथा अन्य दल क्षेत्र आदि।

4.2.5.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के उत्तरी पूर्वी तथा दक्षिणी पश्चिमी भागों में विस्तृत है। इन निर्वाचन क्षेत्रों में इसे अनेकों विपक्षी दलों से प्रतिस्पर्धा करना पड़ा है। मयूरभंज §अनुसूचित जनजाति§, बालासोर, भेड़ारक §अनुसूचित जाति§, जाजपुर §अनुसूचित जाति§, कटक, पुरी, भुवनेश्वर, छत्रपुर, कोरापुत§ अनुसूचित जनजाति§, नवरंगपुर§अनुसूचित जनजाति§

Fig. 4.5 Party Distribution : 1971

सम्बलपुर, सुन्दरगढ़ ॥अनुसूचित जनजाति॥ केंउझर ॥अनुसूचित जनजाति॥, ठेनकानाल तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्रों में कड़ी प्रतिस्पर्धा करके इस दल को विजयश्री मिली। कालाहाण्डी, फुलवानी॥ अनुसूचित जाति॥, बोलंगीर निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस दल को पूर्ण रूप से बहुमत मिला।

4.2.5.2 स्वराज्य दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के फुलवानी ॥अनुसूचित जाति॥, बोलगीर, कालाहाण्डी निर्वाचन क्षेत्र में विजय श्री मिली। मयूरभंज॥अनुसूचित जनजाति॥, कोरापुत ॥अनुसूचित जनजाति॥ सुन्दरगढ ॥अनुसूचित जनजाति॥, ठेनकानाल तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्रों मेंइसे प्रथम स्थान मिला।

4.2.5.3 भारतीय कम्युनिस्ट दल क्षेत्र

इस दल का प्रभाव उड़ीसा राज्य में बहुत कम है। भजनगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में ही इसे विजयश्री मिली। सम्बलपुर में इस दल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.5.4 अन्य दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्यमें1971 महानिर्वाचन वर्ष में कई क्षेत्रीय दलों का महत्व रहाहै। उत्कल कांग्रेस दल केन्द्रपाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में विजयश्री पा सकी, भेडारक ॥अनुसूचित जाति॥ जाजपुर॥अनुसूचित जाति॥ कटक, पुरी, भुवनेश्वर, भजनगढ, छत्रपुर, नवरंगपुर ॥अनुसूचित जनजाति॥ केउंझर ॥अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

4.2.6 षष्ठम महानिर्वाचन 1977

इस महानिर्वाचन वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की साख काफी गिर चुकी थी। उड़ीसा राज्य में कांग्रेस दल प्रभावहीन हो गया जिससे विपक्षी दलों का प्रभाव बढ़ गया। कई विपक्षी दलों ने गठबन्धन करके जनता दल तथा भारतीय लोकदल को जन्म दिया। उड़ीसा में भारतीय लोकदल का प्रभाव अधिक था जिससे कांग्रेस दल को काफी नुकसान पहुँचा।

Fig.4.6 Party Distribution : 1977

चित्र 4.6 ॥ a-b ॥ केद्वारा इसका स्थानिक प्रतिरूप के साथ विजयीदल तथा द्वितीय वरीयता प्राप्त दल का विवरण प्रस्तुत किया गया है। जिनमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय लोकदल, भारतीय कम्युनिस्ट दल, निर्दल दल तथा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट दल आदि।

4.2.6.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य में इस दल का प्रभाव इस निर्वाचन वर्ष में कम हो गया। असका, बरहामपुर, कोरापुत ॥अनुसूचित जनजाति॥ नवरंगपुर ॥अनुसूचित जनजाति॥ तथा कालाहाण्डी निर्वाचन क्षेत्र में इसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मयूरभंज॥अनुसूचित जनजाति॥, बालासोर भेड़ारक ॥अनुसूचित जाति॥, जाजपुर ॥अनुसूचित जाति॥ केन्द्रापाड़ा, कटक, जगतसिंहपुर, पुरी, भुवनेश्वर, फुलवानी॥अनुसूचित जनजाति॥ तथा कैंउझर ॥अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्रों में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.6.2 भारतीय लोकदल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य में इस दल का उदय 1977 के निर्वाचन वर्ष में हुआ तथा इसदल को पूर्ण बहुमत मिला। मयूरभंज ॥अनुसूचित जनजाति॥, बालासोर, भेड़ारक, ॥अनुसूचित जाति॥, जाजपुर ॥अनुसूचित जाति॥, केन्द्रापाड़ा, कटक, जगतसिंहपुर, पुरी, फुलवानी॥ अनुसूचित जाति॥, बोलंगीर, सम्बलपुर, देवगढ़, ठेनकानल, सुन्दरगढ़॥अनुसूचित जनजाति॥ तथा कैंउझर ॥अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्रों में विजय श्री मिली। उसका, बरहामपुर, कोरापुत ॥अनुसूचित जनजाति॥, नवरंगपुर ॥अनुसूचित जनजाति॥ तथा कालाहाण्डी निर्वाचन क्षेत्रों में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.6.3 भारतीय कम्युनिस्ट दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य में इस दल का महत्व रहा है लेकिन इस निर्वाचन वर्ष में कोई सफलता न मिल सकी।

4.2.6.4 भारतीय कम्युनिष्ट दल [मार्क्सवादी] क्षेत्र

इस दल का विस्तार उड़ीसा राज्य के पूर्वी भाग में है। भुवनेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में इस दल को प्रथम स्थान मिला।

4.2.6.5 निर्दलीय क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के आधे से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में इसका प्रभाव रहा लेकिन इसे किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में सफलता न मिल सका।

4.2.7 सप्तम महानिर्वाचन वर्ष 1980

इस महानिर्वाचन वर्ष में उड़ीसा राज्य में कांग्रेस की स्थिति में सुधार आया। उड़ीसा राज्य में विपक्षी दलों का महत्त्व कम हो गया क्योंकि विपक्षी गठित दल टूट गया तथा अलग-अलग विपक्षी दलों का प्रादुर्भाव हुआ। चित्र 4.7 [a-b] के द्वारा स्पष्ट रूप से विजयी दल तथा द्वितीय वरीयता प्राप्त दल को दर्शाया गया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट दल, भारतीय कम्युनिस्ट दल [मार्क्सवादी] आदि।

4.2.7.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल क्षेत्र

इस दल का प्रभाव उड़ीसा राज्य के सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्रों में है। मयूरभंज [अनुसूचित जनजाति], कटक, जगतसिंहपुर, पुरी, भुवनेश्वर, अस्का, बरहामपुर, कोरापुत [अनुसूचित जनजाति], नवरंगपुर [अनुसूचित जनजाति], कालाहाण्डी, फुलबानी [अनुसूचित जाति] बोलगीर, सम्बलपुर, देवगढ़, ढेंकानाल, सुन्दरगढ [अनुसूचित जनजाति], केउंझर [अनुसूचित जनजाति] निर्वाचन क्षेत्रों में विजयश्री मिली। केन्द्रापाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में इस दल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

Fig. 4·7 Party Distribution : 1980

4.2.7.2 जनता दल॥ सेकुलर॥ क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के कुल निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर इसका प्रभाव पाया जाता है। यह दल मात्र केन्द्रापाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में विजय मिली। मयूरगंज ॥अनुसूचितजनजाति॥ भेड़ारक॥अनुसूचित जाति॥, जाजपुर ॥अनुसूचित जाति॥, जगतसिंहपुर, पुरी, वरहामपुर, कोरापुत ॥अनुसूचित जनजाति॥, फुलवानी॥ अनुसूचित जाति॥ सम्बलपुर, देवगढ़, ढेंकानाल तथा केउंझर॥अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.7.3 भारतीय कम्युनिस्ट दल॥ मार्क्सवादी॥

इस महानिर्वाचन में उड़ीसा राज्य के मात्र भुवनेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त है।

4.2.7.4 जनता दल क्षेत्र

इस दल का विस्तार उड़ीसा राज्य के निर्वाचन क्षेत्रों में पाया जाता है। वालासोर, असका, नवरंगपुर॥अनुसूचित जनजाति॥, कालाहाण्डी, वोलगीर, सुन्दरगढ़ ॥अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्रों में द्वितीय स्थान प्राप्त है।

4.2.8 अष्ठम महानिर्वाचन 1984

लोकसभा निर्वाचन से पहले श्रीमती इन्दिरागाँधी की हत्या कर दी गयी जिससे चारो तरफ असंतोष फैल गया। इसका प्रभाव उड़ीसा राज्य पर बहुत अधिक पड़ा तथा वहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को पूर्ण रूपेण बहुमत प्राप्त हुआ।

चित्र 4.8 ॥a-b॥ के द्वारा विजयी दल तथा द्वितीय वरीयता प्राप्त दल का प्रतिरूप निरूपण किया गया है।

4.2.8.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के इस निर्वाचन वर्ष में इस दल का प्रभाव सभी निर्वाचन क्षेत्रों में पाया जाता है। मयूरभंज ॥अनुसूचित जनजाति॥, वालासोर, भेड़ारक॥अनुसूचित जाति॥

Fig. 4.8 Party Distribution : 1984

जाजपुर §अनुसूचित जाति§, कटक, जगतसिंहपुर, पुरी, भुवनेश्वर, असका, बरहामपुर, कोरापुत, §अनुसूचित जनजाति§, नवरंगपुर §अनुसूचित जनजाति§, कालाहाण्डी, फुलवानी§अनुसूचित जाति§ बोलगीर, सम्बलपुर, देवगढ, ठेनकानाल, सुन्दरगढ §अनुसूचित जनजाति§ कैंउझर §अनुसूचित जनजाति§ निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम स्थान मिला। केन्द्रापाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में इसे द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.8.2 जनता दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के मात्र केन्द्रपाड़ा निर्वाचन क्षेत्र में इस दल को विजयश्री मिली। मयूरगंज§अनुसूचित जनजाति§ ,वारासोर, भेड़ारक§ अनुसूचित जाति§ जाजपुर §अनुसूचित जाति§ कटक, जगतसिंहपुर, पुरी, असका, वरहामपुर, कोरापुत§अनुसूचित जनजाति§ नवरंगपुर §अनुसूचित जनजाति§, कालाहाण्डी, फुलवानी §अनुसूचित जाति§ वोलगीर, सम्बलपुर, ठेनकानाल, सुन्दरगढ़ §अनुसूचित जनजाति§ तथा कैंउझर §अनुसूचित जनजाति§ निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

4.2.8.3 भारतीय कम्युनिस्ट दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के देवगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में इस दल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4.2.8.4 भारतीय कम्युनिस्ट §मार्क्सवादी§ दल क्षेत्र

उड़ीसा राज्य में दल को भुवनेश्वर निर्वाचन क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

भारत के विभिन्न महानिर्वाचन वर्षों में जो महत्वपूर्ण दल रहा है-

1- निर्वाचन वर्ष 1957, 1967 एवं 1971 को छोड़कर सभी निर्वाचन वर्षों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को पूर्णरूपेण बहुमत प्राप्त हुआ। 1980 एवं 1984 में कांग्रेस दल को विशेष सफलता मिली।

2- षष्ठम महानिर्वाचन वर्ष में भारतीय लोकदल को पूर्ण बहुमत मिला जबकि कांग्रेस दल मात्र विपक्षी दल बन कर रह गया।

4.3 दल प्रतियोगिता

प्रस्तुत अध्याय के इस अनुभाग में भिन्न-भिन्न राजनीतिक दलों द्वारा विभिन्न निर्वाचन वर्षों में विजयीदल तथा द्वितीय उच्च वरीयता प्राप्त दल के मध्य प्रतियोगिता के स्तर का निर्धारण किया गया है। चित्र 4.1 (C) से 4.8 (C) तक पूर्णतः स्पष्ट हो जाता है। इस प्रतियोगिता स्तर को पाँच भागों में विभक्त किया गया है। अति उच्च, उच्च, मध्यम, निम्न, अतिनिम्न के क्षेत्र।

4.3.1 अति उच्च प्रतियोगिता के क्षेत्र

उड़ीसा राज्य के कुछ ही निर्वाचन वर्षों में अति उच्च प्रतियोगिता के क्षेत्र पाये जाते हैं। प्रथम निर्वाचन वर्ष (1952) में कालाहाण्डी, बोलगीर (अनुसूचित जनजाति) द्वितीय निर्वाचन वर्ष (1957) में कालाहाण्डी (अनुसूचित जाति), केउंझर, तृतीय निर्वाचन वर्ष (1962) में कोरापुत (अनुसूचित जनजाति), भजनगढ़ (अनुसूचित जाति), कालाहाण्डी, फुलवानी (अनुसूचित जनजाति), सम्बलपुर, ठेनकानाल, चतुर्थ निर्वाचन (1967) में बोलगीर, पंचम निर्वाचन (1971) में, षष्ठम निर्वाचन वर्ष (1977) में सर्वोच्च प्रतियोगिता के क्षेत्र नहीं है। सप्तम निर्वाचन वर्ष (1980) में भुवनेश्वर, बरहामपुर, कोरापुत (अनुसूचित जनजाति), नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति), देवगढ़, ठेनकानाल तथा केउंझर (अनुसूचित जनजाति) तथा अष्ठम महानिर्वाचन वर्ष (1984) में अति उच्च प्रतियोगिता वाले क्षेत्र नहीं हैं।

4.3.2 उच्च प्रतियोगिता के क्षेत्र

उड़ीसा राज्य में उच्च प्रतियोगिता के क्षेत्र सभी निर्वाचन वर्षों में पाया जाता है। प्रथम निर्वाचन वर्ष (1952), कटक, बालासोर (अनुसूचित जाति) निर्वाचन क्षेत्र में, द्वितीय निर्वाचन वर्ष (1957) में सम्बलपुर (अनुसूचित जाति) निर्वाचन क्षेत्र में तृतीय

निर्वाचन वर्ष ॥1962॥ में केउंझर, भेड़ारक॥ अनुसूचित जाति॥, कटक निर्वाचन क्षेत्र, चतुर्थ निर्वाचन ॥1967॥ में कालाहाण्डी, ठेनकानाल निर्वाचन क्षेत्र, पंचम महानिर्वाचन क्षेत्र वर्ष ॥1971॥ में कोरापुत॥अनुसूचित जनजाति॥, फुलवानी॥अनुसूचित जाति॥, सम्बलपुर निर्वाचन क्षेत्र, षष्ठम महानिर्वाचन वर्ष ॥1977॥ में केन्द्रापाड़ा, सप्तम निर्वाचन वर्ष ॥1980॥ में बालासोर, भेड़ारक॥अनुसूचित जाति॥, कटक, पुरी, असका, फुलवानी॥अनुसूचित जाति॥, बोलंगीर, सम्बलपुर तथा अष्ठम निर्वाचन वर्ष ॥1984॥ में फुलवानी॥अनुसूचित जाति॥, सम्बलपुर, सुन्दरगढ़ ॥अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्रों में उच्च प्रतियोगिता के क्षेत्र हैं।

4.2.3 मध्यम प्रतियोगिता के क्षेत्र

उड़ीसा राज्य में मध्यम प्रतियोगिता के निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचन वर्षों के अन्तर्गत रहा है। प्रथम महानिर्वाचन वर्ष ॥1952॥ में सम्बलपुर, केन्द्रापाड़ा, गुहमुसर, द्वितीय महानिर्वाचन वर्ष ॥1957॥ में मध्यम प्रतियोगिता के क्षेत्र नहीं है। तृतीय महानिर्वाचन वर्ष ॥1962॥ में जाजपुर ॥अनुसूचित जाति॥, भुवनेश्वर तथा पुरी निर्वाचन क्षेत्र हैं। चतुर्थ महानिर्वाचन वर्ष ॥1967॥ में मयूरभंज ॥अनुसूचित जनजाति॥, जाजपुर ॥अनुसूचित जाति॥, पुरी, छत्रपुर, सुन्दरगढ़॥ अनुसूचित जनजाति॥, पंचम महानिर्वाचन वर्ष ॥1971॥ में जाजपुर॥ अनुसूचित जाति॥ कटक, भजनगढ़ निर्वाचन क्षेत्र हैं। षष्ठम निर्वाचन वर्ष॥1977॥ में भेड़ारक॥अनुसूचित जाति॥, जगतसिंहपुर, पुरी, वरहामपुर, कालाहाण्डी, बोलंगीर, सुन्दरगढ॥ अनुसूचित जनजाति॥, केउंझर॥अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्र हैं। सप्तम महानिर्वाचन वर्ष ॥1980॥ में मयूरभंज, जाजपुर॥अनुसूचित जाति॥ निर्वाचन क्षेत्र तथा अष्ठम महानिर्वाचन वर्ष ॥1984॥ में मयूरभंज, असका, देवगढ, केउंझर॥ अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्रों में मध्यम प्रतियोगिता के क्षेत्र पाये जाते हैं।

4.3.4 निम्न प्रतियोगिता के क्षेत्र

निम्न प्रतियोगिता के क्षेत्र बहुत कम निर्वाचन क्षेत्रों में रहा है। प्रथम महा-निर्वाचन वर्ष ॥1952॥ में मयूरभंज॥अनुसूचित जनजाति॥, पुरी, गुहमुसर, खुरदा निर्वाचन क्षेत्र। द्वितीय महानिर्वाचन ॥1957॥ में गंजाम॥साउथ॥, भुवनेश्वर निर्वाचन क्षेत्र, तृतीय

महानिर्वाचन वर्ष §1962§ में केउंझर §अनुसूचित जनजाति§, कटक, निर्वाचन क्षेत्र, चतुर्थ महानिर्वाचन वर्ष §1967§ में बालासोर, अंगुल निर्वाचन क्षेत्र, पंचम महानिर्वाचन वर्ष §1961§ में भेड़ारक §अनुसूचित जाति§, पुरी, भुवनेश्वर, नवरंगपुर§अनुसूचित जाति§, बोलगार, केउंझर §अनुसूचित जनजाति§, ठेनकानाल, निर्वाचन क्षेत्र, षष्ठम महानिर्वाचन वर्ष §1977§ में बालेश्वर, जाजपुर§अनुसूचित जाति§ , कटक, कोरापुत§अनुसूचित जनजाति§ सम्बलपुर, ठेनकानाल निर्वाचन क्षेत्र। सप्तम महानिर्वाचन वर्ष §1980§ में जगतसिंहपुर, कालाहाण्डी, सुन्दरगढ़ §अनुसूचित जनजाति§ निर्वाचन क्षेत्र, अष्ठम महानिर्वाचन वर्ष §1984§ में बालेश्वर, भेड़ारक§अनुसूचित जाति§, जाजपुर §अनुसूचित जाति§ कटक, पुरी, भुवनेश्वर, बोलगीर आदि निर्वाचन क्षेत्रों में निम्न प्रतियोगिता के क्षेत्र पाये जाते हैं।

4.3.5 अति निम्न प्रतियोगिता के क्षेत्र

उड़ीसा राज्य में कोई भी निर्वाचन वर्ष लगातार इस प्रतियोगिता में नहीं रहा है क्योंकि क्षेत्र बदलता रहा है। प्रथम महानिर्वाचन वर्ष §1952§ में नवरंगपुर, निर्वाचन क्षेत्र, बारगढ़ , सुन्दरगढ़ §अनुसूचित जाति§, जाजपुर, केउंझर §अनुसूचित जाति§, द्वितीय महानिर्वाचन वर्ष §1957§ में कोरापुत §अनुसूचित जनजाति§, बालासोर, केन्द्रापाड़ा , अंगुल पुरी, कटक, निर्वाचन क्षेत्र। तृतीय महानिर्वाचन वर्ष §1962§ में नवरंगपुर, सुन्दरगढ़ §अनुसूचित जनजाति§, बारासोर भेड़ारक §अनुसूचित जाति§ निर्वाचन क्षेत्र । चतुर्थ महानिर्वाचन वर्ष §1967§ में भेड़ारक, §अनुसूचित जाति§ कटक, भुवनेश्वर, भजनगढ़, कोरापुट §अनुसूचित जनजाति§, नवरंगपुर , फुलबानी§अनुसूचित जाति§, सम्बलपुर निर्वाचन क्षेत्र, पंचम महानिर्वाचन वर्ष §1971§ में मयूरगंज §अनुसूचित जनजाति§, बालासोर, कालाहाण्डी, सुन्दरगढ़ §अनुसूचित जाति§, ठेनकानाल, केन्द्रापाड़ा, छत्रपुर निर्वाचन क्षेत्र । षष्ठम महानिर्वाचन वर्ष §1977§ में मयूरभंज §अनुसूचित जनजाति§, भुवनेश्वर, असका, नवरंगपुर, फुलबानी§अनुसूचित जाति§ देवगढ़ निर्वाचन क्षेत्र। सप्तम निर्वाचन वर्ष §1980§ में केन्द्रापाड़ा तथा अष्ठम महानिर्वाचन वर्ष §1984§ में केन्द्रापाड़ा , जगतसिंहपुर निर्वाचन क्षेत्र अति निम्न प्रतियोगिता के अन्तर्गत आते हैं।

4.4 सीट की साम्यावस्था

प्रस्तुत अध्याय के इस अनुभाग में भिन्न-भिन्न राजनीतिक दलों का विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के सन्दर्भ में कालिक विवेचन प्रस्तुत किया गया है। विभिन्न समर्थन प्रतिरूपों के विवरण का अध्ययन चित्र ॥4.9॥ के द्वारा स्पष्ट रूप से दिखाया गया है। इसमें ऐसे दलों का चुनाव किया गया है जो एक ही निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न निर्वाचन वर्षों में कम से कम दो बार अवश्य स्थान पर अपना वर्चस्व स्थापित किया हो। निम्न रूपों में विभजित किया गया है- उच्च साम्यावस्था, ॥80 प्रतिशत से अधिक॥, साम्य समर्थन ॥60 से 80॥, अनिश्चित साम्य समर्थन ॥40 से 60॥, साम्य विरोध ॥40 से 20॥ उच्च साम्य विरोध ॥20 से कम॥ । इससे सम्बन्धित चार दलों का महत्वपूर्ण अध्ययन किया गया है- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, गणतन्त्र परिषद, भारतीय कम्युनिस्ट दल, निर्दलीय आदि।

4.4.1 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

उड़ीसा राज्य में भारतीय राष्ट्रीयकांग्रेस दल की स्थिति चित्र 4.9॥ ॥ के द्वारा स्पष्ट होता है। यही एक ऐसा दल है जिसे उच्च साम्य समर्थन प्राप्त है। कोरापुट ॥अनुसूचित जनजाति॥ निर्वाचन क्षेत्र में इसे उच्च साम्य समर्थन प्राप्त है।

साम्य समर्थन वाले निर्वाचन क्षेत्रों में नवरंगपुर, केउंझर ॥अनुसूचित जनजाति॥, मयूरगंज ॥अनुसूचित जनजाति॥, वालासोर, कटक, पुरी, भुवनेश्वर तथा ठेनकानाल निर्वाचन क्षेत्र आते हैं।

अनिश्चित साम्य समर्थन वाले निर्वाचन क्षेत्रों में सम्बलपुर, सुन्दरगढ़॥अनुसूचित जनजाति॥ , ठेनकानाल, केउंझर ॥अनुसूचित जनजाति॥ भेडारक ॥अनुसूचित जाति॥ तथा जाजपुर ॥अनुसूचित जाति॥ आते हैं। यहाँ पर अनिश्चित समर्थन प्रतिरूप पाया जाता है।

साम्य विरोध उड़ीसा राज्य के फुलवानी॥अनूसूचित जाति॥, कालाहाण्डी, छत्रपुर, असका, बरहामपुर निर्वाचन क्षेत्रों में पाया जाता है। यहाँ पर साम्य विरोध समर्थन प्रतिरूप पाया जाता है।

Fig. 4.9 Seat Stability

उच्च साम्य विरोध अंगुल, भजनगढ़, जगतसिंह पुर, देवगढ, खुरदा, गंजाम ꞉साउथ꞉ आदि निर्वाचन क्षेत्रों में उच्च साम्य विरोध प्रतिरूप पाया जाता है।

4.4.2 प्रजा सोसलिस्ट दल -

उड़ीसा राज्य में यह दल उच्च साम्य समर्थन, साम्य समर्थन, अनिश्चित समर्थन किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में न पा सका। साम्य विरोध के दृष्टिकोण से यह दल द्वितीय स्थान पर रहा है।

साम्य विरोध उड़ीसा राज्य के मात्र केन्द्रापाड़ा निर्वाचन क्षेत्रमें इस दल को स्थान मिला है।

उच्च साम्य विरोध बालासोर, कटक, जाजपुर ꞉अनुसूचित जाति꞉ निर्वाचन क्षेत्रों में हैं।

4.4.3 गणतन्त्र परिषद दल

यह दल उड़ीसा राज्य में उच्च साम्य समर्थन, साम्य समर्थन, अनिश्चित समर्थन तथा साम्य विरोध किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में न पा सकी।

उच्च साम्य विरोध, नवरंगपुर, फुलवानी꞉ अनुसूचित जाति꞉ सम्बलपुर, सुन्दरगढ, ꞉अनुसूचित जनजाति꞉ ढेनकानाल, कालाहाण्डी, अंगुल, बोलगीर निर्वाचन क्षेत्रों में प्राप्त हुआ है।

4.4.4 निर्दलीय

उड़ीसा राज्य में केवल इस दल को ही उच्च साम्य विरोध समर्थन प्रतिरूप ही प्राप्त हुआ है- बारगढ़, केउंझर, ꞉अनुसूचित जनजाति꞉, मयूरभंज ꞉अनुसूचित जनजाति꞉ , मुहमुसर तथा भेड़ारक ꞉अनुसूचित जाति꞉ निर्वाचन क्षेत्रों में प्राप्त हुआ है।

4.5 स्थानों की संख्या

प्रस्तुत अध्याय के इस अनुभाग में उड़ीसा राज्य के प्रत्येक निर्वाचन वर्ष में निर्वाचन क्षेत्रों में कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में आये, इसका संक्षिप्त विवरण दिया गया है।

4.5.1 प्रथम निर्वाचन 1952

उड़ीसा राज्य के इस निर्वाचन वर्ष में नवरंगपुर ﴾3﴿, रायगढ-फुलवानी ﴾निर्विरोध﴿, कालाहाण्डी -वोलगीर﴾ अनुसूचित जाति﴾4﴿, वारगढ﴾5﴿, सम्बलपुर ﴾3﴿, सुन्दरगढ़﴾4﴿, ठेनकानाल-वेस्ट कटक﴾अनुसूचित जनजाति﴾6﴿, जाजपुर -केउंझर ﴾अनुसूचित जाति﴾6﴿, मयूरभंज ﴾3﴿, वालासोर ﴾6﴿, केन्द्रपाड़ा ﴾3﴿, कटक﴾4﴿, पुरी﴾2﴿ खुरदा ﴾3﴿, गुहमुसर﴾2﴿, गंजाम-साउथ ﴾3﴿ प्रत्याशी थे। चित्र 4.10 ﴾a﴿ के द्वारा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

4.5.2 द्वितीय महानिर्वाचन 1957

द्वितीय महा निर्वाचन वर्ष में उड़ीसा के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कोरापुट ﴾अनुसूचित जनजाति﴾6﴿, गंजाम ﴾अनुसूचित जाति﴾6﴿, कालाहाण्डी﴾5﴿, सम्बलपुर﴾अनु० जनजाति﴾5﴿, सुन्दरगढ﴾3﴿, केउंझर ﴾3﴿, मयूरभंज﴾4﴿, वालासोर﴾6﴿, केन्द्रापाड़ा﴾6﴿ कटक﴾2﴿, ठेनकानाल﴾2﴿, अंगुल ﴾3﴿, भुवनेश्वर﴾3﴿, पुरी﴾3﴿, उम्मीदवार थे। चित्र 4.10 ﴾b﴿ के द्वारा दर्शाया गया है।

4.5.3 तृतीय महानिर्वाचन 1962

इस निर्वाचन वर्ष में उड़ीसा राज्य के भिन्न-भिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में कोरापुट ﴾अनुसूचित जनजाति﴿﴾2﴿, नवरंगपुर ﴾2﴿, छत्रपुर﴾3﴿, भजनगढ़ ﴾अनुसूचित जनजाति﴾2﴿, कालाहाण्डी﴾2﴿, फुलवानी ﴾अनुसूचित जाति﴾2﴿ सम्बलपुर ﴾3﴿, वोलगीर﴾अनुसूचित जाति ﴾3﴿, सुन्दरगढ़﴾अनुसूचित जाति ﴾4﴿, केउंझर ﴾2﴿, मयूरभंज﴾अनुसूचित जनजाति﴾4﴿, वालासोर ﴾3﴿, भैड़ारक﴾अनुसूचित जाति﴾2﴿, जाजपुर ﴾अनुसूचित जाति﴾3﴿, केन्द्रापाड़ा﴾2﴿, कटक﴾3﴿ ठेनकानाल﴾2﴿, अंगुल﴾ निर्विरोध﴿, भुवनेश्वर﴾2﴿, पुरा﴾2﴿ प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। चित्र

Fig.4·10 Contest Intensity

Fig.4.10 (Continued)

4.10 के द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

4.5.4 चतुर्थ महानिर्वाचन वर्ष 1967

उड़ीसा प्रान्त के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मयूरभंज॥अनुसूचित जनजाति॥3॥, बालासोर ॥3॥, भेड़ारक॥अनुसूचित जाति॥4॥, जाजपुर ॥अनुसूचित जाति॥2॥, केन्द्रापाड़ा ॥2॥, कटक॥4॥, पुरी॥3॥, भुवनेश्वर॥5॥, भजनगढ॥5॥, छत्रपुर॥4॥, कोरापुट॥अनुसूचित जन-जाति॥2॥, नवरंगपुर॥अनुसूचित जनजाति॥3॥, कालाहाण्डी॥2॥, फुलवानी॥अनुसूचित जाति॥3॥, बोलगीर॥2॥, सम्बलपुर॥6॥, सुन्दरगढ॥अनुसूचित जनजाति॥3॥ केउंझर॥अनुसूचित जनजाति॥2॥, ठेनकानाल॥3॥ तथा अंगुल ॥3॥ प्रत्याशी थे। चित्र 4.10॥d॥ के द्वारा स्पष्ट किया गया है।

4.5.5 पंचम महानिर्वाचन वर्ष 1971

उड़ीसा प्रान्त के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मयूरभंज॥अनुसूचित जनजाति॥5॥, बालासोर॥4॥, भेड़ारक॥अनुसूचित जाति॥5॥, जाजपुर॥अनुसूचित जाति॥4॥, केन्द्रापाड़ा॥3॥ कटक॥5॥, पुरी॥4॥, भुवनेश्वर॥4॥, भजनगढ़॥3॥, छत्रपुर॥4॥, कोरपुत॥अनुसूचित जनजाति॥3॥, नवरंगपुर॥3॥, कालाहाण्डी॥6॥, फुलवानी॥अनुसूचित जाति॥4॥, बोलगीर॥4॥, सम्बलपुर ॥6॥, सुन्दरगढ॥अनुसूचित जनजाति॥5॥, केउंझर॥ अनुसूचित जनजाति॥4॥, ठेनकानाल॥4॥, अंगुल॥5॥ प्रत्याशी थे। चित्र 4.10॥e॥ के द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

4.5.6 षष्ठम महानिर्वाचन वर्ष 1977

उड़ीसा राज्य के मयूरभंज॥अनुसूचित जनजाति॥4॥, बालासोर॥3॥, भेड़ारक ॥अनुसूचित जाति॥2॥, जाजपुर॥अनुसूचित जाति॥3॥, केन्द्रापाड़ा ॥2॥, कटक॥5॥, जगतसिंहपुर॥3॥, पुरी॥2॥, भुवनेश्वर॥3॥, असका॥4॥, बरहामपुर॥4॥, कोरापुत॥अनुसूचित जनजाति॥ ॥2॥ नवरंगपुर॥अनुसूचित जनजाति॥2॥, कालाहाण्डी॥2॥ फुलवानी॥अनुसूचित जाति॥3॥, बोलगीर॥2॥, सम्बलपुर॥2॥, देवगढ॥2॥, ठेनकानाल॥3॥, सुन्दरगढ॥अनुसूचित जनजाति॥4॥, केउंझर॥अनुसूचित जनजाति॥3॥ प्रत्याशी थे। चित्र 4.10f के द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

4.5.7 सप्तम महानिर्वाचन वर्ष 1980

उड़ीसा के सप्तम महा निर्वाचन वर्ष में मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति)(4), बालासोर(7), भेडारक(अनुसूचित जाति(5), जाजपुर(अनुसूचित जनजाति(5), केन्द्रापाड़ा (4), कटक(4), जगतसिंहपुर(4), पुरी(4), भुवनेश्वर(7), अस्का (6), बरहामपुर(4), कोरापुत(अनुसूचित जनजाति(3), नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति(5), कालाहाण्डी(4), फुलवानी(अनुसूचित जाति(5), बोलगीर(4), सम्बलपुर(8), देवगढ़(11), ठेनकानाल(6), सुन्दरगढ़(अनुसूचित जनजाति(7), केउंझर(अनुसूचित जनजाति(3) प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। चित्र 4.10(G)।

4.5.8 अष्ठम महा निर्वाचन वर्ष 1984

उड़ीसा प्रान्त के मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति)(4) बालासोर(2), भेडारक (अनुसूचित जनजाति(4), जाजपुर (अनुसूचित जाति(4), केन्द्रपाड़ा (6), कटक(9), जगतसिंहपुर(4), पुरी(8), भुवनेश्वर(3), अस्का(7), बरहामपुर(4), कोरापुत(अनुसूचित जनजाति(3), नवरंगपुर(अनुसूचित जनजाति(2), कालाहाण्डी(7), फुलवानी(अनुसूचित जाति(6), बोलगीर(4), सम्बलपुर(5), देवगढ(9), ठेनकानाल(4), सुन्दरगढ़(अनुसूचित जाति(9), केउंझर(अनुसूचित जनजाति(8), प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। चित्र 4.10 (H) के द्वारा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

अध्याय 5

वैध मतदान

प्रजातांत्रिक शासन व्यवस्था में मतदान वयस्क नागरिकों का मूल अधिकार एवं कर्तव्य है। जनता-जनार्दन का प्रतिनिधित्व मतदान के द्वारा ही स्पष्ट होता है। अत: मतदान को यदि प्रजातांत्रिक कर प्रथम सोपान कहा जाय तो अतिशयोक्ति न होगी। अपना नेता, अपनी वांछित पार्टी एवं अपने हितों का रक्षक जनता इसी अधिकार द्वारा चुनती है। त्रुटिहीन मतदान ही वैध मतदान है एवं वैध मतदान के आधार पर ही मतगणना होती है। स्पष्ट है कि भारत के उन क्षेत्रों में जहाँ शिक्षा का प्रसार अधिक है वैध मतदान का प्रतिशत भी अधिक है किन्तु अशिक्षित तथा पिछड़े क्षेत्र में अवैध मतदान अपेक्षाकृत अधिक हो जाता है। नागरिकों की जागरूकता का सूचक है वैध मतदान। वर्तमान अध्याय का विषय वस्तु वैध मतदान और उसके विभिन्न पहलू हैं। प्रस्तुत अध्याय में उड़ीसा राज्य के विभिन्न निर्वाचन वर्षों में निर्वाचन सहभागिता का विवरण प्रस्तुत किया गया है। इस अध्याय को 3 अनुभागों में विभाजित किया गया है। प्रथम अनुभाग 5.1 में निरपेक्ष वितरण (वैध मतदान प्रतिशत) का विवरणप्रस्तुत किया गया है। द्वितीय अनुभाग 5.2 में निरपेक्ष वितरण को मानकलब्धि में परिवर्तित करके प्रस्तुत किया गया है। अन्तिम अनुभाग 5.3 में स्थानिक संकेन्द्रण (सापेक्ष वितरण) प्रस्तुत किया गया है।

5.1 निरपेक्ष वितरण

उड़ीसा राज्य के विभिन्न निर्वाचन वर्षों के वैध मतदान प्रतिशत (निरपेक्ष वितरण) को पाँच भागों में विभक्त किया गया है।

1- अति उच्च मतदान प्रतिशत- 75 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र।

2- उच्च मतदान प्रतिशत- 65-75 के मध्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र।

3- मध्यम मतदान प्रतिशत- 55-65 प्रतिशत के मध्य मतदान वाले क्षेत्र।

4- निम्न मतदान प्रतिशत- 45-55 प्रतिशत के मध्य मतदान वाले क्षेत्र।

5- अति निम्न मतदान प्रतिशत- 45 प्रतिशत के कम मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र

प्रस्तुत अध्याय के इस अनुभाग 5.1 में विभिन्न निर्वाचन वर्ष का वैध मतदान प्रस्तुत किया गया है।

5.1.1 प्रथम महानिर्वाचन 1952

उड़ीसा राज्य के प्रथम महानिर्वाचन वर्ष का वैध मतदान प्रतिशत का विवरण प्रस्तुत किया गया है। चित्र 5.1 (a) के द्वारा स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है।

5.1.1.1 अति उच्च मतदान प्रतिशत

उड़ीसा राज्य में अति उच्च वैध मतदान बालासोर (अनुसूचित जनजाति) निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है।

5.1.1.2 उच्च मतदान प्रतिशत

उच्च मतदान प्रतिशत उड़ीसा के बारगढ़, सम्बलपुर, ढेनकानाल-वेस्ट कटक (अनुसूचित जनजाति) मयूरभंज, केन्द्रपाड़ा, कालाहान्डी-बोलंगीर (अनुसूचित जनजाति) तथा गंजाम (साउथ) निर्वाचन क्षेत्र आते हैं।

5.1.1.3 मध्यम मतदान प्रतिशत

उड़ीसा राज्य के मध्यम मतदान के निर्वाचन क्षेत्र नवरंगपुर, जाजपुर, केउंझार (अनुसूचित जाति) कटक, पुरी, खुरदा तथा गुहंमुंसर है।

5.1.1.4 निम्न मतदान प्रतिशत

निम्न मतदान राज्य के सुन्दरगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में है।

5.1.1.5 अति निम्न मतदान प्रतिशत

अति निम्न मतदान प्रतिशत के क्षेत्र इस निर्वाचन क्षेत्र में निर्विरोध रहा है।

5.1.2 द्वितीय महानिर्वाचन 1957

उड़ीसा राज्य के द्वितीय निर्वाचन वर्ष में वैध मतदान प्रतिशत का प्रतिरूप

Fig.5.1 Absolute Distribution of Valid Vote (Percent)

Fig. 5·1 (Continued)

स्पष्ट हो जाता है। चित्र 5.1 ﴾b﴿ के द्वारा स्पष्ट प्रदर्शित किया गया है।

5.1.2.1 अति उच्च मतदान

अति उच्च मतदान प्रतिशत उड़ीसा राज्य के बालासोर ﴾अनुसूचित जाति﴿ केन्द्रपारा ﴾अनुसूचित जाति﴿ तथा मयूरभंज के निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ है।

5.1.2.2 उच्च मतदान

उड़ीसा राज्य के गंजाम ﴾अनुसूचित जाति﴿ तथा केंउझर निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है।

5.1.2.3 मध्यम मतदान

मध्यम मतदान उड़ीसा राज्य के कोरापुत ﴾ अनुसूचित जनजाति﴿ कालाहाण्डी ﴾अनुसूचित जाति﴿ सम्बलपुर ﴾अनुसूचित जाति﴿ कटक,ढेनकानाल,अंगुल,भुवनेश्वर तथा पुरी निर्वाचन क्षेत्र में हुआहै।

5.1.2.4 निम्न मतदान

निम्न मतदान राज्य के सुन्दरगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में है।

5.1.3 तृतीय महा निर्वाचन 1962

तृतीय निर्वाचन वर्ष के वैध मतदान प्रतिशत का विवरण प्रस्तुत किया गया है जो चित्र 5.1 ﴾C﴿ के द्वारा स्पष्ट हो जाता है-

5.1.2.1 अति उच्च मतदान

अति उच्च मतदान प्रतिशत उड़ीसा राज्य के सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है। कोरापुत ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ नवरंगपुर,छत्रपुर,भजनगढ़ ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ कालाहान्डी,फुलवानी﴾ अनुसूचित जनजाति﴿ सम्बलपुर,बोलगीर﴾ अनुसूचित जाति﴿ सुन्दरगढ़ ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ केउंझर ,मयुरभज ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ बालासोर , भेड़ारक ﴾अनुसूचित जाति﴿,केन्द्रपारा,जाजपुर﴾ अनुसूचित जाति﴿ कटक,ढेनकानाल,अंगुल भुवनेश्वर पुरी है।

तृतीय निर्वाचन वर्ष में उच्च मतदान, मध्यम मतदान, निम्न मतदान तथा अति निम्न मतदान किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में नहीं पाया गया है।

5.1.4 चतुर्थ महा निर्वाचन 1967

उड़ीसा राज्य में सम्पन्न चतुर्थ महा निर्वाचन के अन्तर्गत विभिन्न निर्वाचन में प्रतिशत मतदान की सहभागिता का विवरण प्रस्तुत किया गया है। चित्र 5.1 (d) केद्वारा स्पष्ट हो जाता है।

5.1.4.1 अति उच्च मतदान

अति उच्च मतदान के निर्वाचन क्षेत्र उड़ीसा राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में पाया गया है। मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति) बालासोर, भेड़ारक (अनुसूचित जाति) जाजपुर (अनुसूचित जाति), केन्द्रापारा, कटक, पुरी, भुवनेश्वर, भजनगढ, छत्रपुर, कोरापुत (अनुसूचित जनजाति) नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति) कालाहान्डी, फुलवानी (अनुसूचित जाति) बोलगीर, सम्बलपुर, सुन्दरगढ (अनुसूचित जनजाति) केउंझर (अनुसूचित जनजाति) ठेनकानाल तथा अंगुल है।

चतुर्थ निर्वाचन वर्ष में उड़ीसा राज्य में किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में उच्च मतदान, मध्यम मतदान, निम्न मतदान, अति निम्न मतदान नहीं हुआ है।

5.1.5 पंचम महा निर्वाचन 1971

इस निर्वाचन वर्ष में उड़ीसा राज्य के मतदान प्रतिशत सहभागिता का विवरण प्रस्तुत किया गया है। चित्र 5.1 (e) के द्वारा आवहित होता है।

5.1.5.1 अति उच्च मतदान

अति उच्च मतदान सहभागिता वाले क्षेत्र उड़ीसा राज्य के मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति) बालासोर, भेड़ारक (अनुसूचित जाति) जाजपुर (अनुसूचित जाति) केन्द्रापारा कटक, पुरी भुवनेश्वर, भजनगढ, छत्रपुर, कोरापुत (अनुसूचित जाति) नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति) कालाहान्डी, फुलवानी (अनुसूचित जाति) बोलगीर, सम्बलपुर, सुन्दरगढ़ (अनुसूचित जनजाति) केउंझर (अनुसूचित जनजाति), ठेनकानाल तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्र में है।

इस निर्वाचन वर्ष में उच्च मतदान, मध्यम मतदान, निम्न मतदान, अति निम्न मतदान के क्षेत्र नहीं है।

5.1.6 षष्ठम महा निर्वाचन 1977

चित्र 5.1 ﴾6﴿ को सिंहावलोकन से यह विदित होता है कि उड़ीसा राज्य में सम्पन्न षष्ठम महा निर्वाचन में प्रतिशत मतदान के सहभागिता की स्थिति स्पष्ट हो जाती है।

5.1.6.1 अति उच्च मतदान

उड़ीसा राज्य के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में मयूरभंज, ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ बालासोर भेड़ारक ﴾अनुसूचित जाति﴿ जाजपुर ﴾अनुसूचित जाति﴿ केन्द्रापारा, कटक, जगतसिंहपुर पुरी, भुवनेश्वर, असका, बरहामपुर, कोरापुत ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ नवरंगपुर﴾अनुसूचित जनजाति﴿ फुलबानी ﴾अनुसूचित जाति﴿ बोलगीर, सम्बलपुर, देवगढ, ठेनकानाल, सुन्दरगढ ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ तथा केउंझर ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ अति उच्च मतदान सहभागिता वाले हैं।

इस निर्वाचन वर्ष में भी उच्च मतदान, मध्यम मतदान, निम्नमत, अति निम्न मतदान के निर्वाचन क्षेत्र नहीं हैं।

5.1.7 सप्तम महा निर्वाचन 1980

उड़ीसा राज्य के सप्तम निर्वाचन वर्ष का प्रतिशत मतदान का विवरणप्रस्तुत किया गया है। चित्र 5.1 ﴾6﴿ के पर्यवेक्षण से मतदान प्रतिरूप स्पष्ट हो जाता है-

5.1.7.1 अति उच्च मतदान

अति उच्च प्रतिशत मतदान, मयूरभंज ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ बालासोर, भेड़ारक ﴾अनुसूचित जाति﴿ जाजपुर ﴾ अनुसूचित जाति﴿ केन्द्रपारा, कटक, जगतसिंहपुर, पुरी, भुवनेश्वर असका, बरहामपुर, कोरापुत ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ नवरंगपुर, ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ फुलबानी ﴾अनुसूचित जाति﴿ बोलगीर, सम्बलपुर, देवगढ़, ठेनकानाल, सुन्दरगढ ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ तथा केउंझर ﴾अनुसूचित जनजाति﴿ निर्वाचन क्षेत्र में है।

सप्तम निर्वाचन वर्ष में उच्च मतदान, मध्यम मतदान, निम्न मतदान, अति निम्न मतदान के क्षेत्र नहीं हैं।

5.1.8 अष्ठम महा निर्वाचन 1984

चित्र 5.1 ( ) के अवलोकन से यह स्पष्ट हो जाताहै कि उड़ीसा राज्य में अति उच्च मतदान सहभागिता वाले ही निर्वाचन क्षेत्र हैं।

5.1.8.1 अति उच्च मतदान

उड़ीसा राज्य में अति उच्च मतदान प्रतिशत के मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति) बालासोर, भेड़ारक (अनुसूचित जाति) जाजपुर (अनुसूचित जाति) केन्द्रपारा, कटक, जगतसिंहपुर, असका, पुरी, बरहामपुर, कोरापुत (अनुसूचित जनजाति) नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति) फुलवानी (अनुसूचित जाति) बोलगीर, सम्बलपुर, देवगढ़, ढेनकानाल, सुन्दरगढ़ (अनुसूचित जनजाति) तथा केउंझर (अनुसूचित जनजाति) के निर्वाचन क्षेत्र संकेन्द्रित हैं।

पिछले निर्वाचन की भांति उच्च मतदान, मध्यम मतदान, निम्न मतदान अति निम्न मतदान के क्षेत्र नहीं हैं।

5.2 निरपेक्ष वितरण-2

प्रस्तुत अध्याय में पिछले अनुभाग में निर्वाचन वर्षानुसार विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के परिपेक्ष्य में वैध मतदान प्रतिशत का विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अनुभाग में विभिन्न निर्वाचन वर्षों के वैध मतदान प्रतिशत को उच्च सांख्यकीय विधि द्वारा मानकलब्धि ( ) में परिवर्तित करके विवरण प्रस्तुत किया गया है। अध्ययन की सुविधा के लिए पांच भागों में विभक्त अति उच्च मानकलब्धि + 1.5 से अधिक, उच्च मानक लब्धि + 0.5 + 1.5, मध्यम मानकलब्धि -0.5+0.5, निम्न मानकलब्धि -0.5-1.5 तथा अति निम्न मानकलब्धि -1.5 किया गयाहै।

5.2.1 प्रथम महा निर्वाचन वर्ष 1952

उड़ीसा राज्य में प्रथम महा निर्वाचन वर्ष में वैध मतदान प्रतिशत को मानक लब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया है। चित्र 5.2 (a) के द्वारा अभिहित होता है-

Fig. 5·2 Distribution of Valid Vote (z-score)

Fig. 5.2 (Continued)

5.2.1.1 अति उच्च मानकलब्धि

प्रथम महा निर्वाचन वर्ष में उड़ीसा राज्य के बालासोर (अनुसूचित जाति) निर्वाचन क्षेत्र में अतिउच्च मानकलब्धि पायी गयी है।

5.2.1.2 उच्च मानकलब्धि

उड़ीसा राज्य में उच्च मानक लब्धि बारगढ, सम्बलपुर, मयूरभंज तथा गंजाम (साउथ) निर्वाचन क्षेत्र में है।

5.2.1.3 मध्यम मानकलब्धि-

मध्यम मानकलब्धि उड़ीसा के कालाहान्डी-बोलगीर (अनुसूचित जनजाति), ढेनकानाल-वेस्ट कटक(अनुसूचित जनजाति) केन्द्रपारा तथाखुरदा निर्वाचन क्षेत्र हैं।

5.2.1.4 निम्न मानकलब्धि-

उड़ीसा राज्य में निम्न मानकलब्धि जाजपुर-केउंझर (अनुसूचित जाति) कटक, पुरी तथा गुहमुसर निर्वाचन क्षेत्र में है।

5.1.2 द्वितीय महा निर्वाचन वर्ष 1957

उड़ीसा राज्य में सम्पन्न द्वितीय महा निर्वाचन वर्ष के अन्तर्गत वैध मतों की मानकलब्धि प्रस्तुत किया गया है। चित्र 5.2 (b) के अवलोकन से निम्न तथ्य प्रकाश में आते हैं-

5.2.2.1 अति उच्च मानकलब्धि-

अतिउच्च मानकलब्धि उड़ीसा राज्य के केन्द्रपारा(अनुसूचित जाति) तथा बालासोर (अनुसूचित जाति) निर्वाचन क्षेत्र में आते हैं।

5.2.2.2 उच्च मानकलब्धि

उड़ीसा राज्य में उच्च मानकलब्धि गंजाम (अनुसूचित जाति) केउंझर तथा मयूरभंज निर्वाचन क्षेत्र है।

5.2.2.3 मध्यम मानकलब्धि

मध्यम मानकलब्धि कालाहाण्डी ॥अनुसूचित जनजाति॥ तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्र है।

5.2.2.4 निम्न मानकलब्धि-

उड़ीसा राज्य में निम्न मानकलब्धि कोरापुत॥अनुसूचित जाति॥ सम्बलपुर ॥अनुसूचित जाति॥, कटक, ढेनकानाल, भुवनेश्वर तथा पुरी निर्वाचन क्षेत्र हैं।

5.2.3 तृतीय महा निर्वाचन वर्ष 1962

चित्र 5.2 ॥C॥ के द्वारा उड़ीसा राज्य में सम्पन्न तृतीय महा निर्वाचन वर्ष के अन्तर्गत प्राप्त वैध मतों की मानकलब्धि का विवरण प्रदर्शित किया गया है जिससे निम्न तथ्य अभिहित होते हैं-

5.2.3.1 अति उच्च मानकलब्धि-

तृतीय महानिर्वाचन वर्ष मेंउड़ीसा राज्य के जाजपुर॥ अनुसूचित जाति॥ निर्वाचन क्षेत्र में अति उच्च मानक लब्धि पायी जाती है।

5.2.3.2 उच्च मानलब्धि

उड़ीसा राज्य में सम्पन्न तृतीय महानिर्वाचन वर्ष में छत्रपुर, भजनगढ़ ॥अनुसूचित जाति॥ निर्वाचन क्षेत्र में है।

5.2.3.3 मध्यम मानकलब्धि

मध्यम मानकलब्धि के निर्यावचन क्षेत्रों में कोरापुत॥अनुसूचित जनजाति॥ नवरंगपुर, बोलगीर॥अनुसूचित जाति॥ सुन्दरगढ॥ अनुसूचित जनजाति॥ केउंझर, मयूरभंज ॥अनुसूचित जनजाति॥बालासोर, भेड़ारक॥अनुसूचित जाति॥ केन्द्रपाड़ा, ढेनकानाल तथा पुरी है।

5.2.3.4 निम्न मानकलब्धि

उड़ीसा राज्य में निम्न मानकलब्धि फुलबानी ॥अनुसूचित जनजाति॥ सम्बलपुर, कटक तथा भुवनेश्वर निर्वाचन क्षेत्रों में है।

5.2.3.5 अति निम्न मानकलब्धि

उड़ीसा राज्य में अति निम्न मानक लब्धि कालाहान्डी निर्वाचन क्षेत्र में पाया गया है।

तृतीयमहा निर्वाचनवर्ष में अंगुल निर्वाचन क्षेत्र निर्विरोध रहा है।

5.2.4 चतुर्थ महा निर्वाचन वर्ष 1967

उड़ीसा राज्य में सम्पन्न हुई चतुर्थ महा निर्वाचन वर्ष 1967 के अन्तर्गत मानकलब्धि का विवरण प्रस्तुत किया गया है। चित्र 5.2 (d) के द्वारा इसे प्रदर्शित किया गया है-

5.2.4.1 उच्च मानकलब्धि

उच्च मानकलब्धि उड़ीसा के बालासोर, भेड़ारक (अनुसूचित जाति) केन्द्रपाड़ा कटक, पुरी, भुवनेश्वर, भंजनगढ तथा छत्रपुर निर्वाचन क्षेत्रों में पाया गया है।

5.2.4.2 मध्यम मानलब्धि

मध्यम मानकलब्धि जाजपुर (अनुसूचित जाति) बोलगीर, सम्बलपुर, सुन्दरगढ, (अनुसूचित जनजाति) केउंझर (अनुसूचित जनजाति) ढेनकानाल तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्र हैं।

5.2.4.3 निम्न मानकलब्धि

निम्न मानकलब्धि मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति) तथा फुलवानी (अनुसूचित जाति) उड़ीसा के निर्वाचन क्षेत्रों में पाया जाता है।

5.2.4.5 अति निम्न मानकलब्धि

उड़ीसा राज्य के नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति) कालाहाण्डी, निर्वाचन क्षेत्रों में अति निम्न मानकलब्धि पायी जाती है।

5.2.5 पंचम महा निर्वाचन वर्ष 1971

उड़ीसा राज्य में सम्पन्न पंचम महा निर्वाचन वर्ष के मानकलब्धि का विवरण

प्रस्तुत किया गया है। चित्र 5.2 (e) के द्वारा प्रदर्शित किया गया है-

5.2.5.1 अति उच्च मानकलब्धि

उड़ीसा राज्य में अति उच्च मानकलब्धि भजनगढ निर्वाचन क्षेत्र में है।

5.2.5.2 उच्च मानकलब्धि

उच्च मानकलब्धि उड़ीसा के मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति) बालासोरा, भेड़ारक (अनुसूचित जाति) जाजपुर (अनुसूचित जाति) केन्द्रपारा, कटक, पुरी तथा छत्रपुर निर्वाचन क्षेत्रों में पाया गया है।

5.2.5.3 मध्यम मानकलब्धि

उड़ीसा राज्य में मध्यम मानकलब्धि भुवनेश्वर, कोरापुत (अनुसूचित जनजाति) बोलगीर, सम्बलपुर, केउंझर, (अनुसूचित जनजाति) ठेनकानाल तथा अंगुल निर्वाचन क्षेत्र हैं।

5.2.5.4 निम्न मानकलब्धि

निम्न मानकलब्धि फुलबानी (अनुसूचित जाति) तथा सुन्दगढ (अनुसूचित जनजाति) निर्वाचन क्षेत्र में है।

5.2.5.5 अति निम्न मानकलब्धि

इस निर्वाचन वर्ष में अति निम्न मानकलब्धि नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति) तथा कालाहाण्डी निर्वाचन क्षेत्रों में पाया जाता है।

5.2.6 षष्ठम महा निर्वाचन वर्ष (1977)

चित्र 5.2 (f) के द्वारा उड़ीसा राज्य में सम्पन्न हुए षष्ठम निर्वाचन वर्ष के अन्तर्गत प्राप्त वैध मतों की मानकलब्धि प्रदर्शित किया गया है। इसके अवलोकन से निम्न तथ्य प्रकाश में आते हैं-

5.2.6.1 उच्च मानकलब्धि

उच्च मानकलब्धि के निर्वाचन क्षेत्र उड़ीसा राज्य में बालासोर भेड़ारक (अनुसूचित जाति) जाजपुर, (अनुसूचित जाति) केन्द्रपारा, कटक, जगतसिंह पुर तथा केउंझर (अनुसूचित जनजाति) हैं।

5.2.6.2 मध्यम मानकलब्धि

मध्यम मानकलब्धि मयूरभंज (अनुसूचित जनजाति) भुवनेश्वर, असका, बहरामपुर, फुलवानी (अनुसूचित जाति) देवगढ तथा सुन्दरगढ (अनुसूचित जनजाति) के निर्वाचन क्षेत्र हैं।

5.2.6.3 निम्न मानकलब्धि

उड़ीसा राज्य में निम्न मानकलब्धि, कोरापुत (अनुसूचित जनजाति) कालाहान्डी, बोलगीर तथा सम्बलपुर निर्वाचन क्षेत्रों में पाया जाता है।

5.2.6.4 अति निम्न मानकलब्धि

अति निम्न मानकलब्धि के क्षेत्र उड़ीसा राज्य के मात्र नवरंगपुर (अनुसूचित जनजाति) निर्वाचन क्षेत्र में पाया जाता है।

5.2.7 सप्तम महानिर्वाचन वर्ष 1980

उड़ीसा राज्य के सप्तम महानिर्वाचन वर्ष के वैध मतों का स्थानिक प्रदर्शन मानकलब्धि के रूप में चित्र 5.2 (6) के द्वारा दर्शाया गया है। इसके अवलोकन से निम्न तथ्य अभिहित होते हैं-

5.2.7.1 अति उच्च मानकलब्धि

